# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 27 सितंबर 2026
संवत 2083, आश्विन कृष्ण प्रतिपद मूल्य-2 रुपये
वर्ष-10, अंक 23 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ पितरों की आत्मा की शांति के लिए करें मात्र एक ही उपाय

4 साल बाद फिर ट्रैक पर दौड़े अनिल कपूर ◂◂ 6


# सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली, मौत



**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में रविवार को एक सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान डालटनगंज निवासी हवलदार भुवनेश्वर पाल के रूप में हुई है।

हवलदार भुवनेश्वर पाल रांची के तिरिल स्थित सीआरपीएफ कैंप में पदस्थापित थे। बताया जा रहा है कि जवान ने कैंप में ही खुद को गोली मारी। घटना के बाद कैंप में हड़कंप मच गया।

जवान ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। अधिकारियों की जांच के बाद ही घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत



**मेदिनीनगर:** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर टीवीएस शोरूम के पास शनिवार रात करीब 11 बजे दो बाइकों की टक्कर में चैनपुर निवासी प्रेमचंद प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार की मौत हो गई। बताया गया कि सोनू बाइक से शाहपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक की टक्कर दूसरी बाइक से हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टंकी में मिला युवक का शव,सनसनी

**मेदिनीनगर:** चैनपुर थाना क्षेत्र के अकराही रोड स्थित पंप प्लांट के समीप रविवार सुबह एक टंकी से युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान चैनपुर निवासी 25 वर्षीय सोनू राम के रूप में बताई जा रही है। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट पता फिलहाल नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## टोरी रेलवे फाटक पर एक घंटे खड़ी रही मालगाड़ी, एनएच-99 पर लगा जाम



**संजय कुमार यादव**

**चंदवा:** टोरी रेलवे फाटक पर रविवार की सुबह मालगाड़ी के करीब एक घंटे तक खड़े रहने से एनएच-99 पर यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। मालगाड़ी के इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण ट्रेन फाटक पर रुक गयी। इसके कारण फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सुबह करीब 10 बजे से 11 बजे तक आवागमन प्रभावित रहा।

मालगाड़ी के फाटक पर रुके रहने से सड़क के दोनों ओर सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन जाम में फंस गये। इससे वाहन चालकों, यात्रियों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक लोग जाम खुलने का इंतजार करते रहे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, टोरी रेलवे फाटक पर अक्सर जाम की स्थिति बनती है। रेलवे फाटक के लंबे समय तक बंद रहने से एनएच-99 पर यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। रविवार को भी मालगाड़ी के तकनीकी कारणों से रुकने के बाद लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

**स्थायी समाधान की मांग:** टोरी रेलवे फाटक पर बार-बार उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि फाटक के कारण यातायात बाधित होने की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए, ताकि आम लोगों को बार-बार जाम की परेशानी से नहीं जूझना पड़े।

### एलएनजी से दौड़ी देश की पहली डुअल-फ्यूल ट्रेन, अमित शाह ने दिखाई हरी झंडी, कहा-

# सुविधाओं-सुरक्षा में बड़ा बदलाव



**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद के साबरमती रेलवे स्टेशन से देश की पहली एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने साबरमती डिवीजन में भारतीय रेलवे की कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस कार्यक्रम में अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि साबरमती डिवीजन में शुरू की गई विभिन्न रेलवे परियोजनाएं पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को दूर करने, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेंगी।

**रेलवे की पूरी टीम को दी बधाई:** अमित शाह ने कहा कि दिल्ली से यात्रा करते समय वह कई बार साबरमती रेलवे स्टेशन पर उतर चुके हैं। लंबे समय बाद साबरमती स्टेशन में हुए बदलाव का जिक्र करते हुए उन्होंने रेलवे के अधिकारियों और पूरी टीम को बधाई दी। अमित शाह ने कहा, ₹साबरमती रेलवे डिवीजन से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तक पूरी टीम को मेरी हार्दिक बधाई। इतने लंबे समय बाद साबरमती स्टेशन को इस रूप में देखना बेहद खास है।

उन्होंने कहा कि यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ है। उनके मुताबिक, स्टेशन और रेलवे से जुड़ी सुविधाओं में व्यापक परिवर्तन किया गया है। अमित शाह ने कहा, यात्री सुविधा, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में व्यापक बदलाव किया गया है।

**1472 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात:** उन्होंने बताया कि रविवार को जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और जिनकी आधारशिला रखी गई, उनमें कुल 1,472 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। अमित शाह ने कहा कि इन परियोजनाओं से इस क्षेत्र के यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने रेलवे की ओर से शुरू की जा रही सुविधाओं को यात्री सुविधा, सुरक्षा और पर्यावरण से जुड़ी जरूरतों के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया।

साबरमती रेलवे स्टेशन और आसपास का रेल ढांचा गुजरात में चल रही बड़ी रेलवे परियोजनाओं का भी हिस्सा है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के तहत साबरमती को मल्टीमॉडल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां बुलेट ट्रेन, मेट्रो, बीआरटीएस और रेलवे नेटवर्क को जोड़ा जाना है।

**डीजल की खपत में करीब 40% कमी की उम्मीद:** रेलवे के मुताबिक, एलएनजी-डीजल दोहरे ईंधन वाली प्रणाली अपनाने से डीजल की खपत में करीब 40 प्रतिशत तक कमी आने की उम्मीद है। इससे ईंधन लागत घटने के साथ कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर के उत्सर्जन में भी कमी आएगी। साबरमती इंटीग्रेटेड कोचिंग डिपो की 1,400-1,400 हॉर्सपावर क्षमता वाली दो ड्राइविंग पावर कारों को एलएनजी-डीजल दोहरे ईंधन प्रणाली में बदला गया है। इनका इस्तेमाल आठ कोच वाली ट्रेन के संचालन में किया जाएगा।

# मोबाइल रिचार्ज पर बड़ी खबर: अब मिलेंगे पूरे 30 दिनों वाले प्लान

## केवल वॉइस और एसएमएस वाले पैक भी होंगे उपलब्ध



**नई दिल्ली:** भारत के करोड़ों प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए एक बेहद शानदार खबर सामने आई है। अब आपको हर 28 दिन में अपना फोन रिचार्ज कराने की झंझट से मुक्ति मिलने वाली है। केंद्र सरकार ने 'टेलीकॉम उपभोक्ता संरक्षण (13वां संशोधन) रेगुलेशन, 2026' लागू कर दिया है। इस नए नियम के तहत टेलीकॉम कंपनियों को अब पूरे 30 दिनों की वैलिडिटी वाले प्लान पेश करने होंगे।

**राघव चड्ढा ने एक्स पर साझा की जानकारी:** बीजेपी सांसद राघव चड्ढा ने 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए इस फैसले की जानकारी दी और खुशी जाहिर की। गौरतलब है कि उन्होंने 11 मार्च को संसद में टेलीकॉम कंपनियों के '28 दिन वाले गणित' का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था। अपनी पोस्ट में सांसद चड्ढा ने भारत सरकार और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राहकों के सीमित विकल्पों को लेकर लोगों ने अपनी चिंताएं उनके साथ साझा की थीं। अब इन नए नियमों के लागू होने से उपभोक्ताओं को ज्यादा विकल्प और किफायती रिचार्ज प्लान्स मिल सकेंगे।

**13 की जगह अब होंगे 12 रिचार्ज:** राघव चड्ढा ने पोस्ट में बताया कि अब ग्राहकों को एक साल में 13 बार के बजाय सिर्फ 12 बार रिचार्ज कराना होगा। इसके अलावा डेटा की जरूरत नहीं रखने वाले लोगों के लिए वॉइस और एसएमएस वाले प्लान के विकल्प भी उपलब्ध होंगे। गौरतलब है कि 28 दिन की वैलिडिटी वाले प्लान्स की वजह से कंपनियां साल में एक महीने का अतिरिक्त पैसा वसूल लेती थीं। 30 दिन के साइकिल से आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला अनावश्यक बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा।

**सिर्फ कॉलिंग वालों के लिए सस्ते प्लान:** नए नियमों को लागू करते हुए सरकार और ट्राई ने कम रिचार्ज कराने वाले उन यूजर्स का भी खास ख्याल रखा है, जिन्हें इंटरनेट से ज्यादा मतलब नहीं होता और वे सिर्फ बेसिक कॉलिंग का इस्तेमाल करते हैं। अब एयरटेल, जियो, वोडाफोन और बीएसएनएल जैसी टेलीकॉम कंपनियों को ऐसे सस्ते वॉइस और एसएमएस प्लान्स भी उपलब्ध करने होंगे, जिनमें महंगे इंटरनेट डेटा का कोई चार्ज नहीं जुड़ा होगा। इससे उन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जो कम खर्च में मोबाइल सेवाओं का लाभ लेना चाहते हैं।

**राघव चड्ढा ने किया ट्राई का आभार व्यक्त :** अपनी पोस्ट में सांसद चड्ढा ने भारत सरकार और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राहकों के सीमित विकल्पों को लेकर लोगों ने अपनी चिंताएं उनके साथ साझा की थीं। अब इन नए नियमों के लागू होने से उपभोक्ताओं को ज्यादा विकल्प और किफायती रिचार्ज प्लान्स मिल सकेंगे। ट्राई की प्रक्रिया में इस मुद्दे पर उपभोक्ताओं और टेलीकॉम इंडस्ट्री समेत अलग-अलग पक्षों से सुझाव भी लिए गए थे।

# ट्रंप ने खारिज कीं ईरान की शर्तें होर्मुज की बजाय *ट्रंप स्ट्रेट* का नया समुद्री नक्शा जारी




**एजेंसी/ वाशिंगटन:** अमेरिका और ईरान के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। ईरान के सात दिन के सीजफायर को ठुकराने के बाद डोनाल्ड ट्रंप फिर से भड़क उठे हैं। अब ट्रंप ने जो किया है, उससे संकेत मिलता है कि आने वाले दिनों में अमरीका का रुख और ज्यादा आक्रामक रहेगा। असल में ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर एक ग्राफिक शेयर किया है। इसमें उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नाम बदलकर ट्रंप स्ट्रेट रख दिया है। इस मैप में यह स्ट्रेट ईरान और यूएई के बीच नजर आ रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब ट्रंप ने ऐसा किया है। इससे पहले सितंबर की शुरूआत में, ट्रंप ने होर्मुज का नाम बदलकर अपने नाम पर रखने का सुझाव दिया था। साथ ही दावा किया था कि अब इस जलमार्ग पर अमेरिका का नियंत्रण है। वाइट हाउस ने पहले सोशल मीडिया पर एक नक्शा भी जारी किया था। इससे पहले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज को एक सप्ताह के लिए फिर से खोलने के तेहरान के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। वह अमरीका में मध्यावधि चुनावों के बाद नए हमले करने पर विचार कर रहे हैं। यह जानकारी शनिवार को अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान ने होर्मुज को फिर से खोलने के लिए अमरीका के सामने सात दिन की योजना रखी है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप को संदेह है कि ईरान उनकी शर्तें मानेगा और उन्होंने अपने सहयोगियों से कहा है कि नए हमले हो सकते हैं।

# जमशेदपुर के एलआईसी बिल्डिंग मे लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

## दो कर्मी को सुरक्षित बाहर निकाला गया



**जमशेदपुर:** शहर के बिष्टुपुर इलाके में छक्कू बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में स्थित एलआईसी बिल्डिंग में आधी रात के बाद आग लगी, जिसकी शुरूआत चौथी मंजिल से हुई। आग इतनी भीषण थी कि इसने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया और चौथी मंजिल पर मौजूद सारा सामान जलकर राख हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बिष्टुपुर थाने की पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग में गेल इंडिया के दो कर्मचारी नाइट ड्यूटी पर थे। टाटा स्टील फायर डिपार्टमेंट ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

गौरतलब है कि छक्कू बिल्डिंग बाजार और बैंकों के पास स्थित है। इस घटना में चौथी मंजिल पर मौजूद कंप्यूटर समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की खबर मिलते ही छक्कू के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। बिष्टुपुर थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और आग लगने के सही कारणों की जांच की जाएगी।

## मन की बात में बोले पीएम मोदी

# आज का भारत आतंक बर्दाश्त नहीं करता, देता है करारा जवाब

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के 138वें एपिसोड में पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद, जनगणना और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल समेत कई मुद्दों का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि 28 सितंबर को 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब वह भारत नहीं है, जो आतंकवाद को बर्दाश्त करे। आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है और आतंकवादियों की ओर से भारत पर आंख उठाने पर करारा जवाब दिया जाएगा।



मन की बात के 138वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने 28-29 सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते हुए कहा कि उस समय भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ सीमा पार जाकर जो शौर्य दिखाया, उसे देखकर दुनिया हैरान थी। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर तक भारत ने बार-बार स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर आतंकवादी भारत पर आंख उठाएंगे तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले देश में सीरियल ब्लास्ट होना आम बात थी, लेकिन आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लेकर चल रहा है और इसके नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं।

**जनगणना का भी किया जिक्र:** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने जनगणना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना का पहला चरण लगभग पूरा हो चुका है। 32 करोड़ से अधिक परिवारों की जानकारी दर्ज की जा चुकी है। उत्तराखंड में जनगणना की शुरूआत चमोली के माणा गांव से हुई। पीएम मोदी ने कहा कि जनगणना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने याद दिलाया कि उन्होंने 15 अगस्त को भी देशवासियों से आग्रह किया था कि जनगणना के लिए अपना समय जरूर निकालें।

**अशोक सिंघल को किया याद:** प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि आज ऐसे महान व्यक्ति की 100वीं जन्मजयंती है, जिन्होंने संस्कृति, समाज और राष्ट्र के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अशोक सिंघल ने समाज में रहकर तपस्वियों जैसा जीवन जिया। उन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन को दिशा और ऊर्जा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उसी का परिणाम है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर को साक्षात देखा जा रहा है।

# झारखंड में 2029 की तैयारियों में जुटी भाजपा आदिवासी और कुर्मी-कुड़मी वोट पर फोकस

## छत्तीसगढ़ के पवन साय और गुजरात के गजेंद्र पटेल को झारखंड में मिली बड़ी जिम्मेदारी



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से संगठन और सामाजिक समीकरणों को साधने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी का खास फोकस आदिवासी और कुर्मी-कुड़मी मतदाताओं पर है। इसी रणनीति के तहत दूसरे राज्यों के आदिवासी नेताओं को झारखंड में संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ के पवन साय और गुजरात के गजेंद्र पटेल को झारखंड में बड़ी जिम्मेदारी देना इसी अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

झारखंड में भाजपा के पास कई प्रमुख आदिवासी चेहरे मौजूद हैं। इसके बावजूद केंद्रीय नेतृत्व ने दूसरे राज्यों से नेताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संदेश दिया है। पार्टी की कोशिश आदिवासी बहुल इलाकों में संगठन का विस्तार करने और इन क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की है।

**पांचों एसटी लोकसभा सीटों पर 2024 में भाजपा को मिली थी हार :** साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को आदिवासी आरक्षित सीटों पर अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। राज्य की सभी पांच एसटी सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था।

लोहरदगा, सिंहभूम, राजमहल और दुमका सीटों पर विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। विधानसभा चुनाव में भी आदिवासी सीटों पर झामुमो-कांग्रेस गठबंधन का प्रदर्शन मजबूत रहा। 2024 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को 34 और कांग्रेस को 16 सीटें मिलीं, जबकि भाजपा ने 21 सीटों पर जीत दर्ज की। ऐसे में 2029 के लिए भाजपा इन क्षेत्रों में अपनी रणनीति को नए सिरे से तैयार कर रही है। कुर्मी-कुड़मी मतदाताओं पर भी पार्टी का विशेष जोरः इसके साथ ही कुर्मी-कुड़मी मतदाताओं को साधने पर भी पार्टी का विशेष जोर है। एनडीए के घटक दल आजसू पार्टी के जरिए इस सामाजिक समूह तक पहुंच बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल में आयोजित कुर्मी सम्मेलन को भी इसी व्यापक रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। कुड़मी समुदाय को एसटी दर्जा देने की मांग भी राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण मुद्दा रही है, हालांकि इस पर विभिन्न पक्षों के अलग-अलग मत हैं।

**परिसीमन भी 2029 के चुनाव में हो सकता है महत्वपूर्ण कारक :** परिसीमन भी 2029 के चुनाव में महत्वपूर्ण कारक हो सकता है। इसके बाद सीटों की संख्या में बदलाव की संभावना है। ऐसे में भाजपा संगठन विस्तार के साथ सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों पर भी लगातार काम कर रही है। पार्टी की रणनीति में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ कुर्मी-कुड़मी मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर सामाजिक समीकरणों को साधने पर जोर दिखाई दे रहा है।

# 14 साल बाद घर लौटी लापता बेटी, परिजनों ने मान लिया था मृत, इलाज के बाद लौटी याददाश्त



**संवाददाता**

**गढ़वाः** चौदह वर्ष पहले लापता हुई और जिसे परिजन मृत मान चुके थे, वह बेटी आखिरकार अपने घर लौट आई है। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वर्ष 2011 में घर से भटकी युवती का लंबे समय तक इलाज कराया गया। चिकित्सा और परामर्श के बाद याददाश्त वापस आने पर उसे परिजनों से मिलाया गया। परिवार के अनुसार, उसकी आयु अब करीब 30 वर्ष हो चुकी है।

हावड़ा से देवघर तक पहुंची थी किशोरीः वर्ष 2011 में गढ़वा जिले के रमना प्रखंड स्थित चटनिया गांव की रहने वाली करीब 15 वर्षीय किशोरी मानसिक अस्वस्थता के कारण भटकते हुए पश्चिम बंगाल के हावड़ा पहुंच गई थी। हावड़ा बाल कल्याण समिति ने उसे अपने संरक्षण में लेकर एक वर्ष तक बाल गृह में रखा। शुरूआती दिनों में वह ठीक से बोल नहीं पा रही थी। पूछताछ में वह केवल इतना बता पाती थी कि वह झारखंड की रहने वाली है।

इसके बाद वर्ष 2012 में उसे देवघर स्थित बालिका गृह में स्थानांतरित कर दिया गया। यहां उसकी देखभाल जारी रही और परिवार से जुड़ी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाता रहा।

**रिनपास में इलाज और लगातार काउंसलिंगः** देवघर बालिका गृह में रहने के दौरान युवती का रांची स्थित रिनपास में नियमित इलाज कराया गया। इसके साथ ही संस्था में उसकी लगातार काउंसलिंग भी की जाती रही। शुरूआती वर्षों में उसकी मानसिक स्थिति ऐसी थी कि वह अपने परिवार के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी।

लगातार इलाज, परामर्श और देखभाल के बाद उसकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। समय बीतने के साथ उसने अपने पिता का नाम, जिला और भाई-बहनों के नाम बताने शुरू किए। इन जानकारियों के आधार पर उसके परिवार की तलाश शुरू की गई।

## गुमला में बारिश से कई गांवों में तबाहीः मकान धराशायी, कई परिवार बेघर

**गुमलाः** जिले के घाघरा प्रखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने कई गांवों में भारी तबाही मचाई है। बारिश और जलजमाव के कारण कई कच्चे और एस्बेस्टस की छत वाले मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कुछ मकान पूरी तरह धराशायी हो गए। मकानों के क्षतिग्रस्त होने से घरों में रखा अनाज, घरेलू सामान और अन्य जरूरी सामग्री भी मलबे में दबकर बर्बाद हो गई। कई परिवारों के सामने अब रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है।

गोया गांव में दीवार गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, मलबे में दबे परिवार के सदस्यः गोया गांव में रफीक खान के मकान की दीवार अचानक गिर गई। इसकी चपेट में आने से जियाउल खान के मकान की दीवार और एस्बेस्टस की छत क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान परिवार के सदस्य मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया और सभी को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, गुमला भेजा गया।

**कई गांवों में मकान और घरेलू सामान को नुकसानः** सरांगो नवाटोली में शंकर उरांव के मकान की दीवार गिरने से छत को नुकसान पहुंचा। वहीं, मलगो गांव में लक्ष्मण राम के घर की दीवार ढह गई। मलबे में करीब 10 बोरी चावल और गेहूं, लहसुन, प्याज सहित दो साइकिलें दबकर नष्ट हो गईं। घाघरा छठ मोहल्ले में ललिता देवी के मकान का छप्पर और एस्बेस्टस भी टूट गया।

**जलजमाव से सलगी गांव में मकान पूरी तरह धराशायीः** सलगी गांव में जलजमाव के कारण जगमोहन लोहरा का मकान पूरी तरह धराशायी हो गया। परिजनों का आरोप है कि सड़क किनारे बने छोटे पुल से बारिश का पानी घर में घुसने के कारण यह स्थिति बनी।

## हिण्डालको में अनिश्चितकालीन कामबंद प्रदर्शन कल

**मुरी :** मुरी हिण्डालको में श्रमिकों की गंभीर समस्या को लेकर बिधायक अमित महतो आगामी 28 सितंबर को अनिश्चित कालीन बंद प्रदर्शन किया जाएगा। बिधायक का कहना है कि मुरी हिण्डालको झारखंड की जमीन पर है। यहां के खनिज, जल, मिटटी का उपयोग कर आदित्य बिरला मालामाल हो रही है जबकि इस कम्पनी में झारखंडियों को रोजगार न देकर बाहर से आए लोगों को काम पर रखा जाता है। मजदूरों का शोषण किया जा रहा हैं। सभी झारखंड भाई -बहनों से आह्वान किया गया है कि अपने हक और अधिकार के लिए प्रदर्शन में भाग ले।

## 35वीं बटालियन एसएसबी ने चलाया स्वच्छता अभियान



**चतराः** 35वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल, चतरा की ओर से शनिवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जवानों ने वाहिनी मुख्यालय परिसर के साथ-साथ चतरा महाविद्यालय एवं आसपास की दुकानों के इर्द-गिर्द साफ-सफाई की।स्वच्छता अभियान 15 सितंबर से शुरू हुआ है, जिसमें जवान बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अभियान के दौरान पुराने सामान की मरम्मत, कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण, नालियों एवं शौचालयों की सफाई तथा पुराने कूड़ेदानों के स्थान पर नए कूड़ेदान लगाने का कार्य किया जा रहा है।इसके अलावा कार्यालयों में उपयोग हो रहे पंखे एवं अन्य विद्युत उपकरणों की साफ-सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है। जवानों ने स्थानीय नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने की अपील की।

## सड़क पर बने गड्ढों में जलजमाव, लोगों की बढ़ी परेशानी



**चतराः** शहर के बरकत नगर स्थित रहमतिया मस्जिद रोड की स्थिति इन दिनों बदहाल है। सड़क पर बने अनगिनत गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। जलजमाव के कारण सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मुहल्ले के लोगों ने कहा कि सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं।बारिश होने के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाता है।बाइक चालकों को भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।लोगों ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति को लेकर कई बार नगर परिषद के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।लोगों ने नगर परिषद से सड़क का निर्माण व मरम्मत कराने, जलजमाव की समस्या दूर करने की मांग की है।

### सिमरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# गुमटी में चोरी कर पिकअप से ले जा रहे सामान के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**संवाददाता**

**चतराः** सिमरिया पुलिस ने सिमरिया-बगरा रोड स्थित बन्हे गांव के पास स्थित एक गुमटी में चोरी के मामले का उद्भेदन किया है। पुलिस ने चोरी का सामान लदा पिकअप वैन (जेएच 13 ए 5244) के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार व्यक्ति नरेश कुमार पिता विनोद दांगी चतरा सदर थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव का रहने वाला है।उसके पास से एक वोल्टास कंपनी का फ्रिज, दुकान का सामान (कोल्ड ड्रिंक, कुरकुरे व अन्य सामान) व ताला तोड़ने में इस्तेमाल किया गया सब्बल बरामद किया गया। वहीं दो लोग फरार हो गये।यह जानकारी चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने शनिवार को सिमरिया थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर दी।उन्होंने बताया कि 26 सितंबर की रात करीब 1:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सिमरिया-बगरा रोड में बन्हे गांव के पास एक गुमटी में कुछ अज्ञात लोग चोरी कर रहे हैं।सूचना के आधार पर छापामारी टीम का गठन किया गया, टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हर्षनाथपुर रोड में हर्षनाथपुर की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन को रोककर जांच करने लगी।वाहन में दुकान का सामान लदा मिला। गिरफ्तार चालक से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने गोवाखुर्द स्थित जैन पेट्रोल पंप के पास गुमटी में चोरी करने की बात स्वीकार की। नरेश ने बताया कि चोरी में उसके साथ चतरा सदर थाना क्षेत्र के चंगेर निवासी अजय यादव व घनश्याम यादव भी शामिल थे। इस संबंध में सिमरिया थाना कांड संख्या 162/26 दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। छापामारी टीम में सिमरिया थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, एएसआइ दिलीप रजक व कई जिला बल के जवान शामिल थे।

### पलामू में 12 घंटे में 12 किलोमीटर के दायरे में तीन हादसे

# चार की मौत, पुलिस जवान समेत छह घायल




**संवाददाता**

**पलामूः** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के 12 किलोमीटर के दायरे में शनिवार की रात 8:00 बजे से लेकर रविवार की सुबह 8:00 बजे तक तीन अलग-अलग हादसे हुए हैं। इन हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पुलिस जवान समेत 6 लोग जख्मी हैं। तीन मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया है।

दरअसल, शनिवार की रात 8:00 के बाद चैनपुर थाना क्षेत्र के रानीलाल के पास सड़क हादसा हुआ। दो बाइक के बीच टक्कर में रामगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले रंजीत कुमार नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। सभी को इलाज के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। एक जख्मी को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया था जिसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में 32 वर्षीय सोनू कुमार की मौत हो गई। जबकि इस घटना में एक पुलिस जवान भी गंभीर रूप से जख्मी है। पुलिस जवान ड्यूटी करके वापस लौट रहा था, इसी बीच बाइक की टक्कर हुई थी।

तीसरी घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के आंकड़ाही के इलाके की है, जहां रविवार की सुबह 8:00 बजे के करीब एक पानी प्लांट के पास से 25 वर्षीय सोनू राम का शव बरामद हुआ है। सोनू राम का शव पानी के टंकी के पड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार, सोनू राम शराब का अत्यधिक सेवन करता था।

### पुल निर्माण के बाद सड़क पर छोड़ी गई मिट्टी बनी मुसीबत

# सड़क पर कीचड़ से स्कूली बच्चे समेत राहगीर परेशान,ग्रामीणों में आक्रोश



**संवाददाता**

**चतराः** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर हंटरगंज-बढ़ीबीघा मुख्य पथ पर खुटीकेवाल खुर्द में नहर के समीप पुल के सामने सड़क की स्थिति बारिश के बाद बदहाल हो गई है। सड़क पर पड़ी मिट्टी पानी के साथ मिलकर कीचड़ में तब्दील हो गई है। इससे स्कूली बच्चों समेत राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार तुलसीपुर से गोसाईडीह तक नहर का निर्माण कराया गया है। इसी क्रम में संवेदक द्वारा पुराने पुल को तोड़कर नया पुल बनाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण के बाद सड़क पर सिर्फ कुछ मात्रा में स्टोन डस्ट डाला गया, जबकि नहर से निकली मिट्टी को सड़क पर ही छोड़ दिया गया। बारिश होने के बाद यही मिट्टी कीचड़ में बदल गई है।सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को इस रास्ते से गुजरने में परेशानी हो रही है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भी फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क को व्यवस्थित करने और मिट्टी हटाने की जिम्मेदारी पूरी नहीं की गई, जिसका खामियाजा अब आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेते हुए सड़क पर जमा मिट्टी और कीचड़ को तत्काल हटाने तथा निर्माण कार्य की जांच कर जिम्मेदार संवेदक पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर प्रभात कुमार, राहुल कुमार, मन्नू कुमार, सचिन कुमार, करण कुमार, गोलू कुमार, नगीना देवी, सती देवी, कविता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### मूसलाधार बारिश का कहर

# 20 साल पुराना मुर्गा फार्म ढहा मलबे में दबकर 900 मुर्गों की मौत



**चतराः** झारखंड में लगातार खराब मौसम और मूसलाधार बारिश अब लोगों के लिए आफत बनने लगी है। जिले के प्रतापपुर प्रखंड स्थित कसमार गांव में तेज बारिश के कारण एक मुर्गा फार्म धराशायी हो गया। इस हादसे में सैकड़ों मुर्गों की मलबे में दबकर मौत हो गई है, जिससे व्यवसायी के सामने रोजी-रोटी का गहरा संकट खड़ा हो गया है। कसमार गांव के साधु यादव पिछले 20 वर्षों से मुर्गा फार्म का संचालन कर रहे थे। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बीती रात उनका फार्म अचानक ढह गया। मलबे के नीचे दबने से कल ही मंगाए गए करीब 900 मुर्गे (लगभग 13 क्विंटल) मारे गए। साधु यादव के अनुसार, इस तबाही में उन्हें 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने जीविका छिन जाने पर जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजे की गुहार लगाई है। इस मामले में प्रतापपुर अंचल अधिकारी (सीओ) ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद अंचल प्रशासन घटनास्थल का निरीक्षण करेगा। नुकसान का सही आकलन कर एक विस्तृत रिपोर्ट जिले को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर ही जिला प्रशासन मुआवजे की राशि तय करेगा।

# रांची रेलवे स्टेशन से अपहृत बच्चा साहिबगंज से सकुशल बरामद

मेट्रो रेज



**रांची:** अक्सर आम जनमानस में यह चर्चा सुनने को मिलती है,कि पुलिस की मुस्तैदी और तेज कार्रवाई केवल बड़े रसूखदारों या वीआईपी लोगों के लिए होती है। गरीब और बेसहारा लोगों की गुहार अक्सर फाइलों में दबकर रह जाती है, लेकिन हाल ही में झारखंड पुलिस ने अपनी इंसानियत, संवेदनशीलता और मुस्तैदी से इस सोच को पूरी तरह गलत साबित कर दिया है। यह कहानी है छत्तीसगढ़ की रहने वाली एक गरीब महिला और उसके चार साल के मासूम बच्चे की हैं, जिसे रांची रेलवे स्टेशन से अपहरणकताओं ने गायब कर दिया था न कोई जान-पहचान, न कोई सियासी दबाव और न ही किसी बड़े अधिकारी का लिखित आदेश इसके बावजूद पुलिस ने एक बेसहारा मां के आंसू पोंछने के लिए पूरे राज्य का पुलिस तंत्र खड़ा हो गया।

**रांची, धनबाद समेत कई जिलों की पुलिस ने मिलाया हाथ, बनी एक मजबूत कड़ी:** मासूम की सकुशल वापसी के लिए झारखंड पुलिस ने अभूतपूर्व एकजुटता दिखाई। इस पूरे ऑपरेशन में किसी एक थाने या जिले की पुलिस ने नहीं, बल्कि राज्य के चार बड़े जिलों रांची, धनबाद, साहिबगंज और जामताड़ा की पुलिस ने एक साथ मिलकर काम किया। अपहरणकर्ताओं का सुराग मिलते ही चारों जिलों की पुलिस ने आपस में तालमेल बिठाया और छापेमारी शुरू कर दी। इस पूरे नेटवर्क को एक सूत्र में पिरोने और दिशा-निर्देश देने में आईजी संथाल परगना की भूमिका बेहद अहम रही। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी और तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया।

आरपीएफ ने मामला दर्ज करने को लेकर किया टालमटोलः पीड़ित महिला मूल रूप से छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। झारखंड की राजधानी रांची में न तो उसका कोई रिश्तेदार था और न ही कोई जानने वाला। जब रांची रेलवे स्टेशन से उसका चार साल का मासूम बेटा अचानक गायब हो गया, तो उस मां पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।कानून के मुताबिक रेलवे स्टेशन का मामला होने के कारण प्राथमिक कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल के स्तर पर होनी चाहिए थी, लेकिन आरपीएफ की ओर से मामला दर्ज करने में टाल-मटोल की जाने लगी। जब इसकी जानकारी रांची जिला पुलिस को लगी, तो उन्होंने बिना किसी क्षेत्राधिकार की परवाह किए तुरंत मामले को अपने हाथ में लिया। रांची के चुटिया थाने में फौरन मामला दर्ज किया गया और बच्चे की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

## इदरीसिया पंचायत चुनाव में दोपहर तक 60 प्रतिशत मतदान, मतगणना शाम चार बजे से



गुलाम शाहिद

**रांची :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को इदरीसिया स्कूल परिसर में सामाजिक पंचायत के केंद्रीय सदर (अध्यक्ष) और कार्यकारिणी के चुनाव के लिए मतदान जारी है। चुनाव को लेकर मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ जुटी रही। माहौल में उत्साह के साथ उम्मीदवारों और समर्थकों की सक्रियता भी देखने को मिली।

चुनाव संयोजक मोमताज आलम ने बताया कि दोपहर एक बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हो चुका है। मतदान समाप्त होने के बाद रविवार शाम चार बजे से स्कूल परिसर में ही मतगणना शुरू की जाएगी। चुनाव स्थल पर बड़ी संख्या में मतदाता और समर्थक मौजूद हैं।

इदरीसिया समाज में केंद्रीय पंचायत का चुनाव समय-समय पर लोकतांत्रिक उत्सव के रूप में होता रहा है। चुनाव के दौरान अलग-अलग गुटों के बीच उत्साह के साथ वैचारिक मतभेद भी सामने आते रहे हैं। इस बार भी अध्यक्ष और कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह है। मतदान के बाद अब सभी की निगाहें शाम को होने वाली मतगणना और चुनाव परिणाम पर टिकी हैं।

## 20 दिसंबर को जेवीएम में उमंग फेस्ट, जुटेगा एलुमनाई परिवार



मेट्रो रेज

**रांची:** जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) के स्कूल परिसर स्थित हॉल में जेवीएम एलुमनाई एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें 1980-82 से 2023-25 तक के विभिन्न बैचों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर 2026 को जेवीएम परिसर में उमंग नाम से भव्य एलुमनाई मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में उमंग फेस्ट एवं विशेष म्यूजिकल कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। बैठक में एलुमनाई नेटवर्क को मजबूत करने, विभिन्न बैचों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। एसोसिएशन ने सभी जेवीएम एलुमनाई से उमंग में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपने पुराने मित्रों एवं सहपाठियों से पुनः जुड़ने की अपील की।

बैठक में एमएम. दास गुप्ता (वाइस चेयरमैन, एसएमसी), अनुपमा श्रीवास्तव (प्रिंसिपल प्रतिनिधि), चंद्रकांत रायपत (प्रेसिडेंट, जेवीएम एलुमनाई एसोसिएशन), सुष्मिता मिश्रा, डॉ. मोती प्रसाद, रविंद्र प्रधान, भारती सिंह रायपत, मृदुला बिजानी, नरेंद्र धोनी ,प्रकाश, आशीष बुधिया, श्रीराम सिंह, अमित जैन, गौतम उपाध्याय, किरण सिंह, निखिल सिंह एवं राहुल सहित विभिन्न बैचों के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन

मेट्रो रेज



**रांची:** राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। बिहार / बंगाल सहित अन्य राज्यों में जहाँ जनमत राष्ट्रीय जनता दल के साथ था वहाँ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी कर चुनाव को प्रभावित कर भाजपा को जीत दिलाई गई। चुनाव आयोग के अन्य दो चुनाव आयुक्तों (सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी) ने 10 महीनों में कम से कम 14 बार ज्ञानेश कुमार के फैसलों पर लिखित आपत्ति दर्ज कराई उसके बावजूद भी ज्ञानेश कुमार ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर के नाम पर साजिश कर लाखों लाख वोटर का नाम वोटर लिस्ट से काट दिये। अकेले बिहार में लगभग 65 लाख और बंगाल में लगभग 27.16 लाख लोगों के नाम काटे गये। लगातार राजनितिक दलों के द्वारा ईवीएम के विश्वसनीयता पर सवाल उठाये जाने के बावजूद ज्ञानेश कुमार के कानों पर जूँ नहीं रेंगा। ज्ञानेश कुमार ने न सिर्फ रक्फ़और ईवीएम में गडबड़ी की बल्कि चुनावों में वोट पड़ने के बाद वोट प्रतिशत को भी बदलने की साजिश किया है।

इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि हालिया विवादों और आंतरिक मतभेदों की रिपोर्टों के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें।चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी और दो चुनाव आयुक्तों की कथित आपत्तियों के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त को नैतिक आधार पर पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

उनका एकमात्र मकसद येन केन प्रकारेण भाजपा को सत्ता पर बनाये रखना। उनके इन कार्यों से न सिर्फ लोकतंत्र खतरे में है बल्कि भारतीयों की नागरिकता भी खतरे में है।

लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से एकत्रित होकर विरोधकर , पुतला दहन किया और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली की बहाली की मांग की। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम दास सिंह, अनीता यादव, प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय, इरफान अंसारी ,प्रणय कुमार बबलू, प्रदेश सचिव राम कुमार यादव, मनोज अग्रवाल ,कार्यकारिणी सदस्य इम्तियाज हुसैन वारसी, महानगर अध्यक्ष शाहबाज अहमद,जितेंद्र राणा,ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील साहू, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हीरालाल साहू,युवा राजद उपाध्यक्ष क्षितिज मिश्रा , महानगर अध्यक्ष रांची युवा रविन्द्र कुमार सिंह उपाध्यक टोनी यादव ,बबलू मंडल ,पवन यादव , आनंद यादव ,अंकित पांडे ,शुभम ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज



**जलडेगा (ओड़गा ओपी):** थाना क्षेत्र निवासी वादिनी सह पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि अभियुक्त द्वारा पीड़िता को अकेले पाकर उसके घर में घुसकर दरवाजा बंद कर दिया और जबरदस्ती दुष्कर्म करने लगा। जिस पर पीड़िता विरोध करते हुए चिल्लाने लगी तो अगल-बगल के लोगों द्वारा वादिनी सह पीड़िता के घर आकर अभियुक्त के चंगुल से छुड़ाया गया।

इस संबंध में पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर जलडेगा (ओड़गा ओपी) कांड संख्या 56/26, दिनांक 26.09.2026 धारा 329(4)/64(1) बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उक्त सूचना का सत्यापन एवं अनुसंधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेशानुसार पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में अभियुक्त एनेम लुगुन, उम्र लगभग 25 वर्ष, पिता- जोसफ लुगुन, थाना- जलडेगा(ओड़गा ओपी), जिला सिमडेगा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक 27.09.2026 को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## शराब ठिकानों पर पुलिस की दबिश, होटल-गुमटी से लेकर दुकान तक खंगाला

**हुसैनाबाद/ पलामू :**अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसने को लेकर हुसैनाबाद पुलिस ने शनिवार देर शाम शहर के विभिन्न इलाकों में सघन जांच अभियान चलाया। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जय प्रकाश चौक, नहर मोड़, स्टेशन रोड समेत कई स्थानों पर दुकानों, होटलों, गुमटी और ठेला दुकानों की तलाशी ली।

**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**
**Very Short E-Quotation No. 13/2026-27**

Rates through e-quotations are invited for Materiel category for **Estimate for Supply, Installation, Testing and Commissioning of centrifugal pump set having dishcharge 65 m3/hr and head 90 meter, and other electromechanical allied works at Clear Water Pumping Plant for kuru Rural Water Supply Scheme under D.W.&S. Mechanical division, Gumla for the year 2026-27** Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 30.09.2026 at 3:30 pm hrs. to 06.10.2026 at 4:00pm hrs. The quotation will be opened on 07.10.2026 at 3:30pm Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Gumla/Lohardaga**

PR 390570 Drinking Water and Sanitation(26-27)D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(पर्यटन शाखा)**
**(Email ID – tourismkhunti@gmail.com)**

**(अति अल्पकालीन निविदा)**

विभागीय अधिसूचना 143 दिनांक 21.10.2025 के आलोक में खूँटी जिलान्तर्गत भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मस्थल ग्राम–उलिहातु में राजकीय मेला के सफल आयोजन के क्रम में विभिन्न प्रकार के teZu हैंगर/टेंट/शामियाना/लाईट/साउण्ड एवं अन्य संबंधित सामग्री की आपूर्ति के दर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 12.10.26 को अपराहन 4:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला खेल–सह– पर्यटन कार्यालय, खूँटी में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 13.10.26 को ही अपराहन. 4:00. बजे उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है। आयोजन के सफल संचालन हेतु पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 28 दिनांक 11.03.2025 के आलोक में Category 'A' में 07 Empanellment के लिए उक्त एजेन्सियों को सूचीबद्ध किया गया है :–

**Pyramid Fabcon Event Manager Pvt.L,td**
Flat No.002C, Baidnath Residency,Kusum Vihar, Morhabadi, Ranchi, Jharkhand
Mob: 8873011118 Email: pfeventmanagerpvtltd@gmail.com
**M/S Alica Purple Advertising Pvt Ltd,**701/706, Shree Kedarnath, Opp.Gokul Anand Hotel, W.E. Highway, Dahisar (E), Mumbai 400068Mob: 982012100, Email-alicapurpl@gmail.com
**M/S Lallooji & Sons.**A 2 Shivatik Business Center,Off S.G.Highway, B/H Rajpath Club, AhmedabadMob: 9723818208, Email-lisahd@gmail.com
**Ajmani Infrastructure and Projeets Pvt.Ltd.**
C/O Ranchi Tent House, Dal Patti Church Road, Ranchi-834001
**Axis Communications** A-28, Ground Floor, Near Canara Bank, Hauz Khas, New Delhi-110016 Mob: 9811388192. Email-axiscommunication@gmail.com
**Doon Decors & Exhibits (P) Ltd,**
Hazaribag rd, Tharpakhna, New Barhi Toli, Ranchi, Jharkhand-834001
Mob: 9934302710, Email-doondecors@gmail.com
**Graphisads Limited,**4/24A, Asaf Ali Road, Near Delhi Gate, New Delhi-110002(India)
Mob: 9910332007, Email-rimjhim.gupta@deepalidesigns

उक्त एजेंसी को ही तकनीकी एवं वित्तीय बीड के लिए आमंत्रित की जाती है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, –सह– जिला संस्कृति नोडल पदाधिकारी, खूँटी
उप विकास आयुक्त, खूँटी

PR 390596 (District)26-27*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 20/2026–27
DMFT मद

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.10.2026 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुट्टी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07.10.2026 को 4.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 07.10.2026 को 4.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation of water supply scheme which are non functional due to dry or collapsed bore with drilled tubewell on existing structure and existing solar panel under D.W.&S. Division, Gumla for the year 2026-27. | 5,67,810.00 | 11,500.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 2 | Rejuvenation of water supply scheme which are non functional due to dry or collapsed bore with drilled tubewell on existing structure and existing solar panel under D.W.&S. Division, Gumla for the year 2026-27. | 6,35,532.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की नियम एवं शर्तें :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।
:– प्राक्कलित राशि आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 390562 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D

# रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का किया गया विस्तार

मेट्रो रेज



**रांची:** महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक आजीवन मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय एवं अध्यक्ष रवींद्र वर्मा के निदेशानुसार महानगर के कार्यालय बिहार क्लब में सम्पन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता महानगर दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संजय मिनोचा एवं संचालन संजय सिन्हा गोपू ने किया। उक्त अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा एवं वरीय उपाध्यक्ष लखपति साव ने सभी नवमनोनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके द्वारा पूजोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने की कामना की। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु महानगर दुर्गा पूजा समिति का विस्तार किया गया ।

उप मुख्य संयोजक -चंचल चटर्जी एवं प्रेम वर्मा,सह संयोजक- आलोक दुबे, राजा सेन गुप्ता उज्जवल तिवारी, सबलू मुंडा, बबलू उरांव संतोष महतो,उपाध्यक्ष -भास्कर वर्मा, मनोज अग्रवाल सत्येंद्र वर्मा, अभिलाष साहू, करण नायक हिमांशु राय, अनिल वर्मा, मयंक गिरी, महावीर ओहदार जुगनू मुंडा, भारत सोनी, संतोष सोनी, संतोष अग्रवाल अमित अग्रवाल, नीरज शर्मा, सुधीर झा जितेंद्र वर्मा मनोज श्रीवास्तव, सम्राट चौधरी, संतोष श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, संतोष कुमार सोनी,संतोष कुमार, पप्पू वर्मा जसवंत कुमार, अमित अग्रवाल, निशांत कुमार लाल राजा ,सह मंत्री- दौलत साहू प्रदीप खुराना ।इस बैठक में प्रेम वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष लखपति साव अमरनाथ साहू, पप्पू वर्मा बबलू राम, अभिनव अंकू, आयुष सिन्हा, समीर चौधरी, संतोष कुमार जुगुन मुंडा, मयंक गिरी,सह मंत्री दौलत साहू, प्रदीप सुराना मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उपरोक्त जानकारी कार्यालय सचिव समीर कुमार सिंह ने दी।

# दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



मेट्रो रेज संवाददाता

**चक्रधरपुरः** उरांव सरना समिति, चक्रधरपुर की ओर से करम पर्व के पावन अवसर पर इकबाल सिंह संधू स्टेडियम, चक्रधरपुर सेरसा में दो दिवसीय भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। रविवार को प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव उपस्थित रहे। इसके अलावा उरांव सरना समिति के अध्यक्ष विमल खलखो, उप कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो, सलाहकार बबलू लकड़ा, रंजीत तिर्की, बुधराम लकड़ा, शंकर टोप्पो, महावीर उरांव, कोलचकड़ा के मुखिया अरविंद तिग्गा, अमित लकड़ा, सूरज खलखो, राजुलाल उरांव, दशरथ कच्छप एवं खुदिया कुजूर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**करम पर्व हमारी संस्कृति और एकजुटता का प्रतीक :** सन्नी उरांव

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव ने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करम पर्व आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के प्रति आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की तथा आयोजन के सफल संचालन के लिए उरांव सरना समिति को बधाई दी।

**उद्घाटन मैच में इंदिरा कॉलोनी विजयीः** प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच इंदिरा कॉलोनी और पोसईता (मनोहरपुर) के बीच खेला गया। निर्धारित खेल अवधि के बाद दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। पेनाल्टी शूटआउट में भी मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद टॉस के माध्यम से निर्णय लिया गया, जिसमें इंदिरा कॉलोनी की टीम को विजेता घोषित किया गया।

प्रतियोगिता में कुल 40 टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 28 सितंबर 2026, सोमवार को होगा। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। समिति की ओर से प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# झारखंड प्रार्थना महोत्सव को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया स्थल निरीक्षण

मेट्रो रेज



**सिमडेगाः** झारखंड क्रिश्चियन एसोसिएशन (जेसीए) के तत्वावधान में आगामी 30 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक सिमडेगा के मतरामेटा मैदान, कॉलेज मोड़, रेंगारी रोड में आयोजित होने वाले झारखंड प्रार्थना महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

इसी क्रम में उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने आयोजन समिति के सदस्यों से कार्यक्रम की रूपरेखा, संभावित भीड़, प्रवेश-निकास, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल ,शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## पितरों की आत्मा की शांति के लिए करें मात्र एक ही उपाय

आश्विन माह के प्रथम दिवस 26 सितंबर से श्राद्धपक्ष शुरू होने जा रहा है। इस दिन पितरों की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान के अलावा कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। आओ जानते हैं कि कौन सा एकमात्र उपाय करने से पितरों को मिलेगी शंति और पितृदोष होगा दूर।

### पितृ शांति के लिए उपाय

- नियमित रूप से 16 दिन तक गौ माता को घी मिली आटे की लोइयां बनाकर खिलाएं और उनकी पूजा और सेवा करें। हो सके तो हरा चारा खिलाएं।
- यदि उपरोक्त कार्य नहीं कर सकते हो तो श्राद्ध पक्ष में जब भी मंगलवार आए तो उस दिन हनुमान मंदिर जाकर के बजरंगबली को चोला चढ़ाएं और उनसे पितरों की मुक्ति एवं शांति की कामना करें।
- पंचबली कर्म – इसके अलावा आप चाहें तो पंचबलि कर्म भी कर सकते हो। किस भी श्राद्ध तिथि में पंचबलि कर्म अर्थात गाय, कौवे, कुत्ते, चींटी और देवताओं को अन्न जल अर्पित करना चाहिए। ब्राह्मण भोज कराना चाहिए।

### शुभ मुहूर्त

श्राद्धपक्ष में यदि आप पितरों के निमित्त, तर्पण, पिंडदान, पूजा आदि अनुष्ठान कर रहे हैं तो शास्त्रों के अनुसार कुतुप काल मुहूर्त में यह कर्म करें। शास्त्रों के अनुसार कुतुप, रोहिणी, मध्याह्न और अभिजीत काल में श्राद्ध करना चाहिए। यही श्राद्ध करने का सही समय है।

### क्या है कुतुप काल

कुतुप काल दिन के 11.30 बजे से 12.30 के मध्य का समय होता है। वैसे कुतुप बेला दिन का आठवां मुहुर्त होता है। पाप का शमन करने के कारण इसे कुतुप कहा गया है।

## इन 5 स्थानों पर रखें श्राद्ध का आहार

'श्राद्ध' शब्द 'श्रद्धा' से बना है यानी अपने पूर्वजों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करना। श्राद्ध न करने वाले दलील देते हैं कि जो मर गया है उसके निमित्त कुछ करने का औचित्य नहीं है। यह ठीक नहीं है, क्योंकि संकल्प से किए गए कर्म जीव चाहे जिस योनि में हो, उस तक पहुंचता है तथा वह तृप्त होता है। यहां तक कि ब्रह्मा से लेकर घास तक तृप्त होते हैं। श्राद्ध करने का अधिकार सर्वप्रथम पुत्र को है तथा क्रमशः पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र, दौहित्र, पत्नी, भाई, भतीजा, पिता, माता, पुत्रवधू, बहन, भानजा तथा सगौत्री कहे गए हैं। इनमें ज्यादा या सभी करें तो भी फल प्राप्ति सभी को होती है।

श्राद्ध में ब्राह्मण भोजन तथा पंचबलि कर्म किया जाता है। पंचबलि में गाय, कुत्ता और कौवा के साथ 5 स्थानों पर भोजन रखा जाता है। वे हैं–

**प्रथम गौ बलि**– घर से पश्चिम दिशा में गाय को महुआ या पलाश के पत्तों पर गाय को भोजन कराया जाता है तथा गाय को 'गौभ्यो नमः' कहकर प्रणाम किया जाता है। गौ देशी होना चाहिए।

**द्वितीय श्वान बलि**– पत्ते पर भोजन रखकर कुत्ते को भोजन कराया जाता है।

**तृतीय काक बलि**– कौओं को छत पर या भूमि पर रखकर उनको बुलाया जाता है जिससे वे भोजन करें।

**चतुर्थ देवादि बलि**– पत्तों पर देवताओं को बलि घर में दी जाती है। बाद में वह उठाकर घर से बाहर रख दी जाती है।

**पंचम पिपलिकादि बलि**– चींटी, कीड़े-मकौड़ों आदि के लिए जहां उनके बिल हों, वहां चूरा कर भोजन डाला जाता है।

श्राद्ध करने का आदर्श समय : मध्याह्न 1130 से 1230 तक है जिसे 'कुतप बेला' कहा जाता है। इसका बड़ा महत्व है।






# पितृपक्ष दौरान जप तप और पितरों के नाम से तर्पण से प्रसन्न होते हैं पितर

**सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है। पितरों के प्रसन्न होने पर जीवन में सुख-समृद्धि आती है लेकिन इसके विपरीत पितरों के नाराज होने पर व्यक्ति को कई तरह की समस्याएं घेर लेती हैं। ऐसे में जानते हैं कि पितृ दोष होने पर व्यक्ति को क्या संकेत मिलते हैं और इससे किस प्रकार मुक्ति पाई जा सकती है।**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से पितृपक्ष की शुरुआत मानी जाती है, वहीं इसका समापन आश्विन माह की अमावस्या तिथि पर होता है। साल 2026 में पूर्णिमा का श्राद्ध (भाद्रपद पूर्णिमा श्राद्ध) 26 सितंबर शनिवार, 2026 को रखा जाएगा। इसी दिन से साल 2026 के पितृ पक्ष की औपचारिक शुरुआत होगी।

### मिलते हैं ये संकेत

यदि आपके घर में पितृ दोष लग गया है तो व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगती। पितृ दोष होने के कारण व्यक्ति की तरक्की भी रुक जाती है। साथ ही कारोबार में भी नुकसान होने लगता है। इतना ही नहीं एक के बाद एक दुर्घटनाएं होने लगती हैं। यह सभी संकेत पितृ दोष होने की तरफ इशारा करते हैं।

### ऐसे पाएं मुक्ति

पितृदोष से मुक्ति के लिए पितृपक्ष की अवधि को सबसे उत्तम माना गया है। ऐसे में आपको पितृ दोष से मुक्ति के लिए पितृ पक्ष में उनका तर्पण, पिंडदान, और श्राद्ध कर्म जरूर करने चाहिए। इसके साथ ही पितरों के निमित्त भोजन और जल निकालें व पितरों का आह्वान कर, उन्हें ये सभी सामग्री अर्पित कर दें। इससे पितरों की नाराजगी दूर हो सकती है।

### पितृ होंगे प्रसन्न

पितृ पक्ष में पीपल के पेड़ की पूजा जरूर करनी चाहिए। मान्यताओं के अनुसार, पीपल के वृक्ष में पितरों का वास होता है। ऐसे में पितृपक्ष के दौरान सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं। इसके बाद पीपल के पेड़ में जल अर्पित करें और सात बार परिक्रमा करें। साथ ही वृक्ष के नीचे काले तिल डालकर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और पितरों का स्मरण करें। इस उपाय से पितृ प्रसन्न होते हैं।

### इस दिशा में जलाएं दीपक

पितृपक्ष के दौरान आपको पितरों के नाम का दीया जरूर जलाना चाहिए। पौराणिक मान्यता के अनुसार, दक्षिण दिशा पितरों की दिशा मानी जाती है। ऐसे में पितृपक्ष में रोजाना इस दिशा में पितरों के नाम का दीपक जरूर जलाएं। साथ ही पितृ दोष से मुक्ति के लिए जल में काले तिल डालकर दक्षिण दिशा की ओर अर्घ्य देना चाहिए।

## 16 दिनों में न भूलें ये बातें, पितरों का करें सम्मान

**श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त घर में क्या कर्म करना चाहिए। यह जिज्ञासा सहजतावश अनेक व्यक्तियों में रहती है। यदि हम किसी भी तीर्थ स्थान, किसी भी पवित्र नदी, किसी भी पवित्र संगम पर नहीं जा पा रहे हैं तो निम्नांकित सरल एवं संक्षिप्त कर्म घर पर ही अवश्य कर लें :**

- प्रतिदिन खीर (अर्थात दूध में पकाए हुए चावल में शक्कर एवं सुगंधित द्रव्य जैसे इलायची, केसर मिलाकर तैयार की गई सामग्री को खीर कहते हैं) बनाकर तैयार कर लें।
- गाय के गोबर के कंडे को जलाकर पूर्ण प्रज्वलित कर लें।
- उक्त प्रज्वलित कंडे को शुद्ध स्थान में किसी बर्तन में रखकर, खीर से तीन आहुति दे दें।
- इसके नजदीक (पास में ही) जल का भरा हुआ एक गिलास रख दें अथवा लोटा रख दें।
- इस द्रव्य को अगले दिन किसी वृक्ष की जड़ में डाल दें।
- भोजन में से सर्वप्रथम गाय, काले कुत्ते और कौए के लिए ग्रास अलग से निकालकर उन्हें खिला दें। इसके पश्चात ब्राह्मण को भोजन कराएं फिर स्वयं भोजन ग्रहण करें। पश्चात ब्राह्मणों को यथायोग्य दक्षिणा दें।





## क्या हैं श्राद्धकर्ता व श्राद्धभोक्ता के लिए शास्त्र के निर्देश

श्राद्ध पक्ष में सभी सनातनधर्मी अपने पितरों के निमित्त श्राद्धकर्म करते हैं। सनातन धर्म के सभी अनुयायियों को अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। श्राद्ध के दो मुख्य अंग हैं– 1. पिण्डान 2. ब्राह्मण भोजन। हमारे शास्त्रों में श्राद्ध करने वाले (श्राद्धकर्ता) और श्राद्ध में भोजन करने वाले ब्राह्मण (श्राद्धभोक्ता) के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। आइए जानते हैं क्या हैं वे नियम–

### श्राद्धकर्ता के लिए नियम

शास्त्रानुसार श्राद्धकर्ता को श्राद्ध वाले दिन निम्न नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना ही चाहिए–

- पूर्णरूपेण सात्विक मनोदशा रखें।
- पान इत्यादि भक्षण ना करें।
- तेल मालिश, दाढ़ी, केशकर्तन इत्यादि ना कराए।
- स्त्री के साथ सहवास ना करें।
- किसी दूसरे के घर अथवा बाहर भोजन ना करें।

### श्राद्धभोक्ता के लिए नियम

शास्त्रानुसार श्राद्धभोक्ता को श्राद्ध वाले दिन निम्न नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना ही चाहिए–

- श्राद्धभोज करने के उपरांत उसी दिन दूसरे घर में दोबारा श्राद्धभोजन ना करें।
- लम्बी यात्रा ना करें।
- श्राद्धभोज वाले दिन दान ना दें।
- स्त्री के साथ सहवास ना करें।
- भोजन करते समय मौन रहकर भोजन करें।

## श्राद्ध किस जगह करें और किस जगह नहीं करें

भाद्रपद की पूर्णिमा से अश्विन माह की अमावस्य तक श्राद्ध पक्ष चलता है जिसे पितृपक्ष भी कहते हैं। यदि आप इस दौरान अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान करने जा रहे हैं तो यह भी जान लें कि शास्त्रों के अनुसार किस जगह श्राद्ध करना चाहिए और किस जगह पर नहीं। यदि अनुचित जगह पर श्राद्ध किया तो उसका फल नहीं मिलता है।

### पितृपक्ष में कहां श्राद्ध करना चाहिए?

- **घर पर** : श्राद्ध आप अपने घर में भी कर सकते हैं। दक्षिण में मुख करके श्राद्ध किया जाता है।
- **तट पर** : किसी पवित्र नदी, नदी संगम, समुद्र में गिरने वाली नदियों के तट पर उचित समय में विधि-विधान से श्राद्ध किया जा सकता है।
- **बरगद के नीचे** : पवित्र वट-वृक्ष के नीचे भी श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- **तीर्थ क्षेत्र** : शास्त्रों में उल्लेखित किसी तीर्थ क्षेत्र में भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **समुद्र तट पर** : समुद्र के तट पर भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **गोशाला** : जहां बैल न हों ऐसी गौशाला में भी उचित स्थान को गोबर से लिपकर शुद्ध करके श्राद्ध किया जा सकता है।
- **पर्वत पर** : पवित्र पर्वत शिखर पर भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **जंगल में** : वनों में उचित स्थान, स्वच्छ और मनोहर भूमि पर भी विधिपूर्वक श्राद्ध किया जा सकता है।

### पितृपक्ष में कहां पर श्राद्ध नहीं करना चाहिए?

- **दूसरों की भूमि पर** : किसी की पर्सनल भूमि पर श्राद्ध नहीं करते हैं। भूमि सार्वजनिक होना चाहिए। अगर दूसरे के गृह या भूमि पर श्राद्ध करना पड़े तो किराया या दक्षिणा भूस्वामी को दे देना चाहिए।
- **अपवित्र भूमि** : किसी भी प्रकार से अपवित्र हो रही भूमि पर भी श्राद्ध नहीं करते हैं।
- **शमशान में** : किसी ऐसे शमशान में श्राद्ध नहीं कर सकते हैं जिसे तीर्थ नहीं माना जाता।
- **देव स्थान पर** : किसी मंदिर के अंदर या देवस्थान पर भी श्राद्ध कर्म नहीं करना चाहिए। इसके लिए पंडित से सलाह लें।

## देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पितृपक्ष और पिंडदान को लेकर अलग पहचान रखता है प्राचीन शहर गया



**श्राद्ध कर्म या तर्पण करने के भारत में कई स्थान है, लेकिन पवित्र फल्गु नदी के तट पर बसे प्राचीन गया शहर की देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पितृपक्ष और पिंडदान को लेकर अलग पहचान है।**

पुराणों के अनुसार पितरों के लिए खास आश्विन माह के कृष्ण पक्ष या पितृपक्ष में मोक्षधाम गयाजी आकर पिंडदान एवं तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और माता-पिता समेत सात पीढ़ियों का उद्धार होता है।

पितृ की श्रेणी में मृत पूर्वजों, माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानीसहित सभी पूर्वज शामिल होते हैं। व्यापक दृष्टि से मृत गुरू और आचार्य भी पितृ की श्रेणी में आते हैं। कहा जाता है कि गया में पहले विभिन्न नामों के 360 वेदियां थीं जहां पिंडदान किया जाता था। इनमें से अब 48 ही बची है। यहां की वेदियों में विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के किनारे और अक्षयवट पर पिंडदान करना जरूरी माना जाता है। इसके अतिरिक्त वैतरणी, प्रेतशिला, सीताकुंड, नागकुंड, पांडुशिला, रामशिला, मंगलागौरी, कागबलि आदि भी पिंडदान के लिए प्रमुख है। यही कारण है कि देश में श्राद्ध के लिए 55 स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है जिसमें बिहार के गया का स्थान सर्वोपरि है।

- गयासुर नामक असुर ने कठिन तपस्या कर ब्रह्माजी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर देवताओं की तरह पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन मात्र से पापमुक्त हो जाएं। इस वरदान के चलते लोग भयमुक्त होकर पाप करने लगे और गयासुर के दर्शन करके फिर से पापमुक्त हो जाते थे। इससे बचने के लिए यज्ञ करने के लिए देवताओं ने गयासुर से पवित्र स्थान की मांग की। गयासुर ने अपना शरीर देवताओं को यज्ञ के लिए दे दिया। जब गयासुर लेटा तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया। यही पांच कोस जगह आगे चलकर गया बना।
- देह दान देने के बाद गयासुर के मन से लोगों को पाप मुक्त करने की इच्छा नहीं गई और फिर उसने देवताओं से वरदान मांगा कि यह स्थान लोगों को तारने वाला बना रहे। तब से ही यह स्थान मृतकों के लिए श्राद्ध कर्म कर मुक्ति का स्थान बन गया।
- कहते हैं कि गया वह आता है जिसे अपने पितरों को मुक्त करना होता है। लोग यहां अपने पितरों या मृतकों की आत्मा को हमेशा के लिए छोड़कर चले जाता है। मतलब यह कि प्रथा के अनुसार सबसे पहले किसी भी मृतक तो तीसरे वर्ष श्राद्ध में लिया जाता है और फिर बाद में उसे हमेशा के लिए जब गया छोड़ दिया जाता है तो फिर उसके नाम का श्राद्ध नहीं किया जाता है। कहते हैं कि गया में श्राद्ध करने के उपरांत अंतिम श्राद्ध बदरीका क्षेत्र के 'ब्रह्मकपाली' में किया जाता है।
- गया क्षेत्र में भगवान विष्णु पितृदेवता के रूप में विराजमान रहते हैं। भगवान विष्णु मुक्ति देने के लिए 'गदाधर' के रूप में गया में स्थित हैं। गयासुर के विशुद्ध देह में ब्रह्मा, जनार्दन, शिव तथा प्रपितामह स्थित हैं। अतः पिंडदान के लिए गया सबसे उत्तम स्थान है।
- पुराणों अनुसार ब्रह्मज्ञान, गयाश्राद्ध, गोशाला में मृत्यु तथा कुरुक्षेत्र में निवास– ये चारों मुक्ति के साधन हैं– गया में श्राद्ध करने से ब्रह्महत्या, सुरापान, स्वर्ण की

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# योजनाओं की प्रगति व आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**संवाददाता**



**साहिबगंजः** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण माह, कुपोषण उपचार केंद्र,एसएएनएमएआर कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं एवं को-लोकेशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सितंबर 2026 तक विद्यालय स्तर से कुल 27,249 आवेदन पोर्टल पर अग्रसारित किए गए हैं। 38,783 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 70.26 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। वहीं, सीडीपीओ स्तर पर 11,766 आवेदनों का अनुमोदन किया गया है, जो 91.39 प्रतिशत उपलब्धि है। उप विकास आयुक्त ने लंबित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्यालयों के साथ को-लोकेशन की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में कुल 719 केंद्र जर्जर अथवा किराये के भवनों में संचालित हैं। इनमें 390 केंद्रों के लिए विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, 35 केंद्रों में कमरा उपलब्ध है 35 केंद्रों को पूर्ण रूप से शिफ्ट किया जा चुका है। शेष केंद्रों के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा में बताया गया कि 25 सितंबर 2026 तक 3,940 के लक्ष्य के विरुद्ध 5,255 लाभुकों का नामांकन किया गया है।जो 133 प्रतिशत उपलब्धि है। राजमहल में 162 प्रतिशत, बरहरवा में 161 प्रतिशत तथा उधवा में 170 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। वहीं, पोषण माह के तहत 09 से 25 सितंबर तक निर्धारित 2,300 के लक्ष्य के विरुद्ध 733 लाभुकों का नामांकन हुआ है। संबंधित परियोजनाओं को अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।कुपोषण उपचार केंद्रों की समीक्षा में बताया गया कि जिले के चार एमटीसी में कुल 50 बेड उपलब्ध हैं। अप्रैल से अगस्त 2026 तक क्रमशः 68, 46, 43, 37 एवं 62 बच्चों को भर्ती कर उपचार प्रदान किया गया। अगस्त माह में निर्धारित क्षमता के विरुद्ध 124 प्रतिशत बच्चों का उपचार किया गया। कार्यक्रम के तहत 3,539 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,753 बच्चों की वृद्धि निगरानी पूर्ण की गई है, जो 50 प्रतिशत उपलब्धि है। मंडरो में 83 प्रतिशत, बरहेट में 70 प्रतिशत तथा साहिबगंज प्रखंड में 29 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। के तहत 658 बच्चों के लक्ष्य के विरुद्ध 376 बच्चों का फॉलोअप पूर्ण किया गया है।बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन की भी समीक्षा की गई। 01 से 24 सितंबर 2026 के दौरान 15 दिनों से कम अवधि में संचालित होने वाले 16 केंद्रों की सूची तैयार की गई। संबंधित महिला पर्यवेक्षिकाओं को केंद्रों के नियमित संचालन एवं सेवाओं की सतत निगरानी का निर्देश दिया गया। पोषण ट्रैकर के अनुसार जिले के 1771 आंगनबाड़ी केंद्रों में 90.34 प्रतिशत में स्थायी विद्युत, 93.17 प्रतिशत में पेयजल, 81.71 प्रतिशत में क्रियाशील शौचालय तथा 94.92 प्रतिशत में क्रियाशील रसोई की सुविधा उपलब्ध है। बैठक में परियोजना स्तर एवं पोषण ट्रैकर के आंकड़ों में विद्युत, पेयजल, शौचालय, भवन एवं को-लोकेशन से संबंधित पाए गए अंतर का सत्यापन कर आवश्यक सुधार एवं अद्यतन कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापक पर छात्रा से छेड़छाड़ और जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप



- एससी एसटी थाने में शिकायत

**संवाददाता**

**साहिबगंजः** राजमहल थाना क्षेत्र के सरकंडा स्थित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कक्षा 10वीं की 15 वर्षीय छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़, अश्लील बातें करने और जातिसूचक गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगा है। छात्रा की मां सोनिका देवी ने मामले को लेकर साहेबगंज के एससी/एसटी थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 19 सितंबर 2026 को विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा आयोजित की गई थी। छात्रा सुबह करीब 7:30 बजे घर से स्कूल गई थी और लगभग 9:30 बजे वापस लौटी। घर लौटने के बाद छात्रा के व्यवहार में बदलाव देखकर उसकी मां ने उससे पूछताछ की। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसके बाद छात्रा रोते हुए विद्यालय में हुई कथित घटना की जानकारी दी।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय पहुंचने के बाद प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार चौरसिया ने छात्रा को कार्यालय का गेट खोलने के लिए चाबी दी। बाद में टेस्ट के दौरान उसे दूसरे कमरे में जाने के लिए कहा गया। शिकायत में छात्रा के हवाले से आरोप लगाया गया है कि प्रधानाध्यापक ने उसे अकेले में कथित तौर पर आपत्तिजनक बातें कहीं और अनुचित तरीके से स्पर्श किया। छात्रा के विरोध करने पर वह वहां से निकलकर अन्य विद्यार्थियों के पास चली गई।शिकायत में यह भी कहा गया है कि 20 सितंबर को विद्यालय में दोबारा अतिरिक्त कक्षा थी, लेकिन परिजनों ने छात्रा को स्कूल नहीं भेजा। इसी दिन प्रधानाध्यापक के छात्रा के घर पहुंचने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, प्रधानाध्यापक ने छात्रा के छोटे भाई से बातचीत की और उसे एक कागज भी दिया।सोनिका देवी ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि 23 सितंबर को विद्यालय में इस मामले को लेकर बातचीत हुई, जिसमें प्रधानाध्यापक द्वारा कथित रूप से अपनी गलती स्वीकार करने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि एक अन्य छात्रा ने सामने आकर प्रधानाध्यापक पर उसके साथ भी इसी तरह का व्यवहार करने का आरोप लगाया। शिकायत में पूर्व में भी छात्रा को कार्यालय में अकेले बुलाकर कथित तौर पर अश्लील बातें करने तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है।

## गाय को बचाने चेकडैम में उतरे मेघराय सोरेन,गहरे पानी में डूबने से मौत

**संवाददाता**



**साहिबगंज/बरहेटः** बोड़बांध पंचायत के जमाल गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में मेघराय सोरेन की डूबने से मौत हो गई।बताया गया कि सुड़ी नदी पर बने चेकडैम के गहरे पानी में उसकी गाय चली गई थी।गाय को डूबता देख मेघराय उसे बचाने के लिए चेकडैम के पानी में उतर गया। इसी दौरान पानी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण वह अपना संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में डूब गया। हादसे में गाय की भी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर से मेघराय की तलाश करने का प्रयास किया,लेकिन चेकडैम में पानी की गहराई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई।घटना की जानकारी मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी प्रखंड सचिव मुजिबुल रहमान तथा जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम मौके पर पहुंचे। नेताओं ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।इस दौरान मृतक की पत्नी,बड़े भाई मीर जाई सोरेन और छोटे भाई मट्ठा सोरेन से भी बातचीत की गई।झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी और प्रखंड सचिव मुजिबुल रहमान ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मृतक के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कराने तथा सरकारी प्रावधान के तहत आपदा राहत से मिलने वाले मुआवजे के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी देकर शव की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया।इसके बाद पुलिस प्रशासन के सहयोग से 40 सदस्यीय एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची और चेकडैम के गहरे पानी में रेस्क्यू अभियान शुरू किया। एनडीआरएफ की टीम द्वारा पानी के भीतर काफी देर तक शव की तलाश की गई।हालांकि समाचार लिखे जाने तक मेघराय सोरेन का शव बरामद नहीं हो सका था और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था। घटना के बाद जमाल गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत विद्यार्थियों का वेस्ट-टू-वंडर पार्क भ्रमण

**संवाददाता**



**साहिबगंजः** स्वच्छ भारत मिशन पीएचइडी नमामि गंगे नगर परिषद साहिबगंज एवं पर्यटन विभाग के समन्वय से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए वेस्ट-टू-वंडर पार्क साहिबगंज का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, कचरे का पृथक्करण, पुनः उपयोग व पुनर्चक्रण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वेस्ट-टू-वंडर पार्क में अनुपयोगी एवं त्यागे गए सामग्रियों से तैयार कलाकृतियों के माध्यम से यह समझाया गया कि उचित प्रबंधन से कचरे को उपयोगी और आकर्षक रूप दिया जा सकता है। विद्यार्थियों को अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखने तथा स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में महिला स्वच्छता व व्यक्तिगत स्वास्थ्य विशेष रूप से मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में भी जागरूकता प्रदान की गई। विद्यार्थियों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वच्छता को दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।इसके साथ ही गंगा एवं नगर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बीच संबंध पर भी चर्चा की गई।

### जॉब ओरिएंटेड कार्यशाला का आयोजन

# सामान्य शिक्षा के साथ कौशल विकास जरूरी, तभी होगा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास : प्रो. रंजीत

**संवाददाता**



साहिबगंजः एक्सल डाटा सर्विस द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, साहिबगंज में जॉब ओरिएंटेड कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रंजीत कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है। जब सामान्य पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं रोजगारपरक कौशल के लिए भी प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है।बल्कि विद्यार्थियों में कौशल, धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को कम से कम किसी एक क्षेत्र में दक्षता हासिल करनी चाहिए। सरकार द्वारा कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपने लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटर कौशल का है। विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट करते रहना चाहिए। इसके साथ ही सिलाई-कटाई, ब्यूटी और वेलनेस, नर्सरी प्रबंधन, कंप्यूटर एवं अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार और स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए धैर्य, निरंतर अभ्यास और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी।मंच संचालन कर रहे प्रो. सुबोध कुमार झा आशु ने प्रो. रंजीत कुमार सिंह का परिचय प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों एवं संस्था के पदाधिकारियों से कराया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य पद पर आने के बाद साहिबगंज महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिली है।केंद्र के प्लेसमेंट मैनेजर अताउल्लाह शम्सी ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से प्रशिक्षुओं को कौशल विकास और रोजगार के महत्व को समझने में सहायता मिली। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य प्रशिक्षण के साथ युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना है।कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर अमित कुमार, प्रशिक्षक राजकुमार, रोहित एक्का, सीमा चौरसिया, चंदा सिंह, परवेज आलम, सूरज कुमार, रीतेश कुमार, सपना कुमारी, साधना टिर्की, प्रिंसिला हेम्ब्रम, भानु प्रताप यादव, चमेली कुमारी, महालका परवीन, राहुल राज, सनोज कुमार, मुस्कान वर्मा, प्रिया कुमारी, राधेश्याम, विक्की कुमार, सदाशिव कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

## न्यूज IN ब्रीफ

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरासीन में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन आलम अध्यक्ष और आलोवारा बीबी बनीं उपाध्यक्ष



**साहिबगंज:** बरहरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरासीन में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन हेतु एक आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि तारक घोष द्वारा की गई। इस अवसर पर विभागीय दिशा-निदेर्शानुसार नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में विवेक भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित अभिभावकों व ग्रामीणों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रिया व मतदान के जरिए सभी सदस्य का चुनाव किया गया। इसके उपरांत मुख्तार आलम को निर्विरोध अध्यक्ष एवं एलोवेरा बीबी को उपाध्यक्ष चुना गया।पर्यवेक्षक विवेक भारद्वाज द्वारा नवचयनित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों व शिक्षकों ने नवगठित समिति को बधाई दी और विद्यालय के सर्वांगीण विकास व पठन-पाठन व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई। मौके पर वासिम अकरम, अब्दुल रौफ, बैदूल आलम, मोजिबुर रहमान, वसीउर रहमान,हसीना बीबी ,संजीत पहाड़िया,सोनिया पहाड़िन ,यूनुस शेख,शमीम शेख ,फिरदोशी खातून,वासिउर रहमान रेजाउल शेख,रोजिना खातून,सायवारा बीबी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एसआईआर प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त पर कार्रवाई की मांग



साहिबगंज: शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान ने प्रेसवार्ता कर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अपनी पार्टी की आपत्तियां रखीं जहां उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की। वही प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष बरकत खान ने केंद्र की मोदी सरकार पर भी निशाना साधाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। आगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। वही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कथित अनियमितताओं की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। जहां जिलाध्यक्ष ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि आम मतदाताओं का चुनावी व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पार्टी की ओर से एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने की बात कही। वही उन्होंने कहा कि सोमवार को एसआईआर प्रक्रिया एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा किए गए अनियमितताओं को लेकर पैदल मार्च समाहरणालय तक निकाला जाएगा। इस प्रेसवार्ता में कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रदेश यादव महासभा के संरक्षक विजय घोष का स्वागत, समाज की एकजुटता पर जोर



**साहिबगंज:** झारखंड प्रदेश यादव महासभा के संरक्षक विजय घोष के साहिबगंज आगमन पर यादव महासभा के जिला अध्यक्ष भरत यादव के नेतृत्व में अयोध्या धाम में उनका भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान यादव महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया।मौके पर समाज के संगठनात्मक विस्तार,सामाजिक एकजुटता और युवाओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि विजय घोष के साहिबगंज आगमन से समाज के लोगों में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि यादव समाज को संगठित करते हुए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में महासभा लगातार प्रयासरत है।वहीं विजय घोष ने स्वागत के लिए जिला अध्यक्ष भरत यादव सहित महासभा के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि समाज की मजबूती के लिए आपसी एकता और संगठन को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर समाज के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही समाज के हित में सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर भारत यादव, सुरेंद्र यादव,राज नारायण यादव, जितेंद्र यादव,रामप्रसाद यादव,कृष्णा शर्मा,रामजी यादव,दुर्गा यादव,सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### नगर परिषद की टीम ने शहरी क्षेत्र में चलाया गहन जांच अभियान



साहिबगंज :तंबाकू निषेध कानून के अनुपालन को लेकर शनिवार को उपायुक्त के निर्देश पर साहिबगंज नगर परिषद की टीम ने शहरी क्षेत्र में गहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व नगर परिषद के सिटी मैनेजर रवि कुमार ने किया।जांच अभियान के दौरान टीम ने शहर की विभिन्न दुकानों में पहुंचकर तंबाकू उत्पादों की बिक्री और संबंधित नियमों के पालन की स्थिति का जायजा लिया। दोपहर 3 बजे तक कुल 26 दुकानों की जांच की गई।नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 5,400 का जुमार्ना वसूल किया गया।अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को तंबाकू निषेध से संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुए नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। टीम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तंबाकू निषेध से जुड़े नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।जांच अभियान में सिटी मैनेजर रवि कुमार,राजस्व निरीक्षक सोनू कुमार यादव तहसीलदार सौरभ कुमार, विक्की हरि,पवन कुमार कार्यालय कर्मी राजेश कुमार,एसडीओ कार्यालय के ऑपरेटर मयंक,अनिल कुमार सहित पुलिस बल के आरक्षी मंटू कुमार यादव,हवलदार उमेश कुमार यादव और आरक्षी विनोद टुडू मौजूद रहे।

### राजमहल थाना कांड 120/21 के अभियुक्त अमीर शेख के घर चिपकाया गया इश्तेहार



**साहिबगंज** :राजमहल थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत आदेश के आलोक में थाना कांड संख्या 120/21,दिनांक 25 मई 2021 के अभियुक्त अमीर शेख के विरुद्ध इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार,उक्त मामला धारा 302 भादवि के तहत दर्ज है।मामले के अभियुक्त अमीर शेख, पिता हाकिम शेख,निवासी खरदिघी,थाना राजमहल,जिला साहिबगंज के विरुद्ध न्यायालय से इश्तेहार निर्गत किया गया था।न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राजमहल थाना पुलिस ने अभियुक्त के आवास एवं सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर ढोल-नगाड़े के साथ विधिवत इश्तेहार चिपकाया और लोगों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एशियन गेम्स 2026

# भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें सेमीफाइनल में

**आइची-नागोया (जापान)।** भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने रविवार को जारी एशियन गेम्स 2026 में अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पुरुष टीम में साहिल जाधव, गणेश मणिरत्नम और कुशल दलाल की तिकड़ी ने भूटान को बेहद करीबी मुकाबले में 235-232 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में सामना दक्षिण





कोरिया से होगा। महिला टीम में चिकिता तनीपार्थी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और पृथिका प्रदीप ने कजाकिस्तान को 233-230 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना दक्षिण कोरिया से होगा। क्वार्टर फाइनल में भारतीय महिला टीम छह तीरों के पहले सेट के बाद पीछे चल रही थी, लेकिन खिलाड़ियों ने शानदार वापसी करते हुए कजाकिस्तान को तीन अंकों के मामूली अंतर से मात दी। इससे पहले पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के मुकाबले में यूएई के खिलाफ 235-215 से शानदार जीत दर्ज की थी। वहीं, महिला टीम ने मंगोलिया के खिलाफ और भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 238-223 से जीत हासिल की थी।

## पीवी सिंधु क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, मियाजाकी को सीधे गेम में हराया

**इचिनोमिया।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शनिवार को जापान की टोमोका मियाजाकी को सीधे गेमों में हराकर एशियन गेम्स के महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इचिनोमिया सिटी म्यूनिसिपल जिम्नेजियम में खेले गए राउंड ऑफ 16 मुकाबले में सिंधु ने मियाजाकी को 21-9, 21-13 से मात दी।

दो बार की एशियन गेम्स पदक विजेता सिंधु ने शुरूआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। उन्होंने अपने अनुभव और कोर्ट कवरेज का शानदार इस्तेमाल करते हुए जापानी खिलाड़ी को लगातार दबाव में रखा। पहले गेम में सिंधु ने जल्द ही बढ़त बना ली और एक समय वह 13-7 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार अंक जुटाते हुए पहला गेम 21-9 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने वापसी की कोशिश की और लंबी रैलियों के जरिए सिंधु पर दबाव बनाने का प्रयास किया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने धैर्य बनाए रखा और अपने आक्रामक खेल से लगातार अंक हासिल करती रहीं।

## ओडिशा टी20 लीग: राउरकेला सुपरस्टार्स ने भुवनेश्वर टाइगर्स को तीन विकेट से हराया

**कटक ।** अभिषेक यादव की दबाव में खेली गई नाबाद 61 रन की शानदार पारी की बदौलत राउरकेला सुपरस्टार्स ने ओडिशा टी20 लीग झ्र सीएम ट्रॉफी में भुवनेश्वर टाइगर्स को तीन विकेट से हरा दिया। बाराबती स्टेडियम में शनिवार खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भुवनेश्वर टाइगर्स की पूरी टीम 149 रन पर सिमट गई। टाइगर्स ने शुरूआती 20 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद संबित बेजा और श्रेयांश भारद्वाज ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। संबित बेजा ने 19 गेंदों में 25 रन बनाए, जबकि श्रेयांश भारद्वाज ने 28 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। हालांकि, राउरकेला के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट हासिल करते हुए भुवनेश्वर को बड़ी साझेदारी बनाने से रोके रखा। रुद्र प्रसाद मलिक ने एक छोर संभाले रखा और 35 गेंदों में 47 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। राउरकेला की ओर से पापू रॉय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार



ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राउरकेला सुपरस्टार्स की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने आठ ओवर के भीतर 49 रन पर चार विकेट गंवा दिए। लगातार विकेट गिरने से मुकाबला रोमांचक हो गया, लेकिन अभिषेक यादव ने एक छोर संभाले रखा। अभिषेक ने 38 गेंदों में नाबाद 61 रन की पारी खेली, जौंसिसे टीम ने 18.4 ओवर में सात विकेट पर 153 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। मैच विजयी पारी के बाद अभिषेक यादव ने कहा कि टीम की जीत में योगदान देकर बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर ऐसी स्थिति में जब हमने शुरूआती दौर में कुछ विकेट गंवा दिए थे। उन्होंने कहा कि मेरा ध्यान क्रीज पर टिके रहने, पारी को संभालने और मैच को ज्यादा से ज्यादा गहराई तक ले जाने पर था। मुझे खुशी है कि जब टीम को मेरी जरूरत थी, तब मैं रन बना सका और टीम को जीत दिलाने में मदद की।

2026 में कई छोटे बजट की फिल्में ऐसी रहीं, जिनकी कमाई ने चौंका दिया. 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश इसका ताजा उदाहरण है. वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी हैं जो बड़े बजट की होकर भी बड़ी फ्लॉप साबित हुई हैं. साल 2026 का 9वां महीना चल रहा है.

# 9 महीने, 9 डिजास्टर...

## बड़े-बड़े सितारों की डूबी फिल्में, बॉक्स ऑफिस पर अरबों हुए स्वाहा



**इस** साल देशभर में कई छोटे-बड़े बजट की फिल्में रिलीज की गईं. कुछ फिल्मों ने कम बजट में बड़ा धमाका कर के दिखाया और सभी को चौंका दिया. वहीं, कुछ बड़े बजट की फिल्में ऐसी रहीं जो बॉक्स ऑफिस के मैदान पर औंधे मुंह गिर गईं. इनमें कई बड़े स्टार्स की फिल्में भी शामिल हैं. 2026 में प्रभास ने द राजा साब के जरिए बड़ी बाजी लगाई, लेकिन उनका ये दांव उल्टा पड़ गया और फिल्म फ्लॉप साबित हुई. वहीं दूसरी तरफ अक्षय कुमार और सैफ अली खान का रीयूनियन भी बॉक्स ऑफिस को कुछ रास नहीं आया. फिल्म अपने पहले वीकेंड में 12 करोड़ का कलेक्शन भी नहीं कर सकी. ऐसा ही कुछ संजय दत्त की फिल्मों के साथ भी देखने को मिला. 4-4 बार 1000 करोड़ी फिल्म का हिस्सा बने संजय दत्त की 2 फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर असफलता मिली और उनकी फिल्में फ्लॉप साबित हुई. वहीं दूसरी तरफ सबसे बड़ा झटका तो साउथ सुपरस्टार यश को लगा. 600 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी उनकी फिल्म 'टॉक्सिक' का जो हश्र हुआ कि क्या ही कहा जाए. आइए एक नजर डालते हैं 9 महीने में आई उन 9 फिल्मों पर, जिन्हें दर्शकों का प्यार नहीं मिला और बॉक्स ऑफिस पर गहरी निराशा हाथ लगी.

### प्रभास-संजय दत्त को लगा झटका

साल 2026 की शुरुआत में जब 450 करोड़ रुपये के बजट में बनी प्रभास की फिल्म द राजा साब आ रही थी तो फैंस इसे लेकर काफी उत्सुक थे. फैंस को पूरा भरोसा था कि रोमांस और एक्शन से सभी का दिल जीतने वाले प्रभास हॉरर-कॉमेडी में भी बाजी मार ले जाएंगे. लेकिन ऐसा हो ना सका. उनकी फिल्म तो बजट का आधा भी ना कमा सकी और जैसे-तैसे 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकी. इस फिल्म में संजय दत्त भी थे. उनका हाल तो 2026 में कभी खुशी कभी गम वाला रहा. जहां एक तरफ उनके खाते में धुरंधर 2 जैसी 1800 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म आई तो वहीं दूसरी तरफ उन्हें 3 असफल फिल्मों का भी सामना करना पड़ा. उनकी फिल्म द राजा साब तो फ्लॉप हुई ही साथ में आखिरी सवाल और केडी द डेविल का हाल भी एकदम बेहाल रहा.

संजय दत्त आखिरी सवाल फिल्म में लीड रोल में नजर आए थे. लेकिन ये फिल्म 33 करोड़ के बजट के मुकाबले महज 3 करोड़ की कमाई ही कर सकी और डिजास्टर साबित हुई. वहीं पावर स्टार पवन कल्याण का जादू भी इस साल नहीं चला. उनकी फिल्म उस्ताद भगत सिंह जो 150 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनकर तैयार हुई थी वो 100 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी.

### ओ रोमियो, एल्फा और एक दिन भी हुई फ्लॉप

शाहिद कपूर ने ओ रोमियो फिल्म के जरिए अपने किरदारों की उसी टोन को पकड़ा जिसके लिए वे जाने जाते हैं और सफल भी रहे हैं. लेकिन इसके बाद भी उनकी ये फिल्म बज़ क्रिएट नहीं कर सकी और फ्लॉप रही. 150 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 100 करोड़ भी ना कमा सकी. वहीं आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एल्फा फिल्म से फैंस को बहुत उम्मीदें थीं. वुमन सेंट्रिक एक्शन फिल्में बॉलीवुड में कम ही बनी हैं इसलिए ये फैंस के लिए भी कुछ अलग एक्सपीरियंस था. लेकिन फिल्म के हाथ निराशा लगी और 150 करोड़ के बजट के मुकाबले ये 100 करोड़ रुपये भी न कमा सकी.

### टॉक्सिक

वहीं सबसे बड़ा शॉक तो साउथ सुपरस्टार यश को लगा. यश की फिल्म टॉक्सिक फैंस को इतनी टॉक्सिक लगी कि 10 दिन में ही इसका बंटाधार हो गया. फिल्म का 600 करोड़ का भारी-भरकम बजट, वीएफएक्स, स्ट्रॉन्ग स्टारकास्ट और जोरदार प्रमोशन कुछ भी काम ना आया. फिलहाल ये फिल्म 340 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है, लेकिन आगे इसके बेहतर कलेक्शन के आसार नजर नहीं आ रहे. फिल्म का हाल तो इतना बुरा है कि इसे 1 करोड़ क्या 50 लाख रुपये कमाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है. ऐसे में ये फिल्म भी इस साल 9 महीने के दौरान आई सबसे बड़ी डिजास्टर में से एक बन गई है.

### हैवान का हुआ बेड़ागर्क

अक्षय कुमार की फिल्म हैवान के बॉक्स ऑफिस पर चलने के कई कारण थे. एक तो अक्षय और प्रियदर्शन का सफल ट्रैक रिकॉर्ड था. ऊपर से सैफ और अक्षय का करीब दो दशक बाद होने जा रहा रीयूनियन. वहीं ये कॉमेडियन असरानी की आखिरी फिल्म थी. फिल्म में अक्षय कुमार का नेगेटिव रोल था जो विरले ही देखने को मिलता है. लेकिन कुछ भी काम नहीं आया और 130 करोड़ के बजट वाली ये फिल्म खराब वर्ड ऑफ माउथ का शिकार हो गई. साथ ही फिल्म को हनुमान अंश की सक्सेस का भी नुकसान झेलना पड़ा. फिल्म अपने पहले वीकेंड में महज 12 करोड़ कमा सकी है और काफी स्ट्रगल कर रही है.

**अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलों से जुड़ा 200 करोड़ रुपए का मामला एक बार फिर चर्चा में है। सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मकोका केस में जैकलीन को आरोपी बनाए जाने की मांग वाली अर्जी पर राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले अदालत ने इस मांग पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था। मौजूदा मामले में जैकलीन अभी मकोका केस की आरोपी नहीं हैं।**

# जैकलीन को मकोका केस में आरोपी बनाया जाएगा या नहीं



राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**दरअसल**, 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन पहले से आरोपी हैं और मई 2026 में दिल्ली की अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। वहीं, इसी से जुड़े जबरन वसूली और मकोका मामले में सुकेश और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। उस समय उपलब्ध अदालत संबंधी रिपोर्टों में जैकलीन को मामले में आरोपी नहीं बताया गया था। नई अर्जी में मांग की गई कि जैकलीन को भी मकोका मामले में आरोपी बनाया जाए। 7 सितंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मांग पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से जवाब मांगा था। यह पूरा मामला सुकेश चंद्रशेखर पर लगे 200 करोड़ रुपए की कथित जबरन वसूली के आरोप से शुरू हुआ था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से जेल में बंद सुकेश ने कथित तौर पर खुद को एक बड़े सरकारी अधिकारी के रूप में पेश किया था। आरोप है कि उसने अदिति सिंह को उनके पति को जेल से बाहर निकलवाने और कानूनी मदद दिलाने का भरोसा देकर बड़ी रकम की मांग की। इसी शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच आगे बढ़ी।



# चार साल बाद फिर ट्रैक पर दौड़े अनिल कपूर

**बॉलीवुड** के सदाबहार स्टार अनिल कपूर की फिटनेस और एनर्जी आज भी फैंस को हैरान करती है। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका फिटनेस

> बोले-तेज नहीं, बस चलते रहना जरूरी है

के प्रति जुनून लोगों को खूब इंस्पायर करता है। अब अनिल कपूर ने अपनी फिटनेस जर्नी से जुड़ा एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह रेसिंग ट्रैक पर पूरी ताकत के साथ दौड़ते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अभिनेता ने बताया कि करीब चार साल बाद उन्होंने इस तरह अपनी रनिंग को रिकॉर्ड किया है। इन चार सालों में उनकी रफ्तार जरूर बदली, लेकिन उनका सफर कभी रुका नहीं। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह रेसिंग ट्रैक पर पूरी ताकत के साथ दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। वह अपनी पूरी स्पीड के साथ रनिंग करते दिख रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अनिल ने अपने पुराने रनिंग वीडियो को भी याद किया और बताया कि करीब चार साल बाद उन्होंने फिर उसी तरह अपनी दौड़ को रिकॉर्ड किया है। अनिल कपूर ने अपने कैप्शन में लिखा, ''चार साल हो गए हैं, जब मैंने आखिरी बार इस तरह की अपनी रनिंग रिकॉर्ड की थी। यह सफर वास्तव में कभी रुका नहीं, बस इसकी रफ्तार बदली, इसका रूप बदला और यह आगे बढ़ता रहा। प्रोग्रेस हमेशा इस बात पर निर्भर नहीं करती कि आप कितनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कभी-कभी बस चलते रहना ही काफी होता है।'' अनिल की इस बात का मतलब सिर्फ रनिंग तक सीमित नहीं है। वह यह बताने की कोशिश करते दिख रहे हैं कि जिंदगी में हर समय एक जैसी स्पीड से आगे बढ़ना जरूरी नहीं है। कभी आप बहुत तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो कभी परिस्थितियों की वजह से आपकी रफ्तार थोड़ी धीमी हो जाती है।



# पिक्चर अभी बाकी है...

## 'किंग' की रिलीज पर शाहरुख खान का क्लीन चिट, फैंस की डिमांड पर सुनाया धांसू डायलॉग

**शाहरुख** खान की अगली फिल्म 'किंग' की रिलीज में देरी की अफवाहें उड़ीं, तो तमाम फैंस बेचैन हो उठे. सुपरस्टार इन अफवाहों का जवाब देने के लिए सामने आए. उन्होंने एक्स पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में फैंस के तमाम सवालों के जवाब दिए और उनकी डिमांड पर डायलॉग भी सुनाया. उन्होंने अपनी हाजिर जवाबी से एक बार फिर लोगों का दिल जीता. फिल्म तय तारीख 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी.

शाहरुख खान करीब 3 साल बाद 'किंग' बनकर पर्दे पर वापसी करेंगे. साल 2023 में जब लोग उन्हें डूबता सितारा समझ रहे थे, तब उनकी लगातार तीन फिल्में हिट रही थीं. शानदार कमबैक के बाद शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. मगर 'किंग' की पोस्टपोन की खबर ने उनके फैंस को निराश किया. अब शाहरुख खान ने 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में फैंस के सवालों के साथ 'किंग' की रिलीज पर भी बात की. शाहरुख खान की अगली फिल्म 'किंग' की रिलीज में देरी की अफवाहें उड़ीं, तो तमाम फैंस बेचैन हो उठे. सुपरस्टार इन अफवाहों का जवाब देने के लिए सामने आए. उन्होंने एक्स पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में फैंस के तमाम सवालों के जवाब दिए और उनकी डिमांड पर डायलॉग भी सुनाया. उन्होंने अपनी हाजिर जवाबी से एक बार फिर लोगों का दिल जीता. फिल्म तय तारीख 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी.

# नेपाल : कालीगंडकी नदी में भीषण बाढ़ स्यांगजा-गुल्मी को जोड़ने वाला पुल बहा

एजेंसी

**काठमांडू ।** नेपाल में कालीगंडकी नदी के तेज बहाव में स्यांगजा के मिर्मी और गुल्मी के हर्मिचौर को जोड़ने वाला पुल बह गया। यह पुल मिर्मी डैम साइट से नीचे स्थित था। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के कालीगंडकी ए जलविद्युत केंद्र में कार्यरत विष्णुप्रसाद न्यौपाने ने बताया कि कालीगंडकी ह्यएह्न जलविद्युत परियोजना के डैम साइट पर पानी का बहाव बढ़ने के बाद पुल बाढ़ की चपेट में आ गया। गुल्मी के पुलिस प्रमुख एसपी भीम किरण बोगटी ने भी पुल के बहने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह बेली ब्रिज था, जिससे चार पहिया वाहन आवागमन करते थे। रविवार सुबह करीब 6 बजे बाढ़ के तेज बहाव में पुल बह गया। पुल बहने के बाद मिर्मी और हर्मिचौर के बीच यातायात और आवागमन प्रभावित हो गया है।



## मध्य प्रदेश में विदाई से पहले मानसून का जोर, रीवा-सतना समेत 7 जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून की विदाई से पहले बारिश का दौर एक बार फिर तेज हो गया है। जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में पिछले 72 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। नदी-नाले उफान पर हैं और पानी की आवक बढ़ने से बरगी, जोहिला और बिलगांव डैम के गेट खोलकर पानी की निकासी करनी पड़ी है। रविवार को प्रदेश के 7 जिलों मुरैना, भिंड, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना और रीवा में तेज बारिश का अलर्ट है। मौसम केंद्र के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसतन 35.6 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह सामान्य बारिश के कोटे का 95 प्रतिशत से ज्यादा है। मानसूनी अवधि के बचे चार दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा तो कुल बारिश का आंकड़ा और बढ़ सकता है। हालांकि प्रदेश में बारिश का वितरण अभी भी एक जैसा नहीं है।

## पश्चिम बंगाल में आज हल्की बारिश के आसार, उत्तर बंगाल में अधिक प्रभाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पिछले दिनों की तुलना में दक्षिण बंगाल में भारी बारिश की स्थिति में कमी आने के बावजूद वातावरण में नमी अधिक रहने से उमस बनी रह सकती है। दक्षिण बंगाल के कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना, पूर्व एवं पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा, पुरुलिया सहित कई जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान है। कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। उत्तर बंगाल में बारिश का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक रहने की संभावना है। दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और अलीपुरद्वार के पहाड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है। जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और मालदा में भी कुछ स्थानों पर बारिश और गरज-चमक की संभावना है। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण स्थानीय स्तर पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान करीब 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अधिक आर्द्रता के कारण दिन में उमस महसूस हो सकती है।

## नेपाल के सप्तरी में बाढ़ का कहर, 500 घर डूबे, 2 हजार से अधिक लोग प्रभावित

**काठमांडू।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नेपाल के सप्तरी जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। हनुमाननगर कंकालिनी नगरपालिका और तिलाठी कोइलाडी गांवपालिका में बाढ़ का पानी घुसने से करीब 500 घर डूब गए हैं। बाढ़ के कारण दो हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। हनुमाननगर कंकालिनी नगरपालिका के वार्ड नंबर 5, 7, 12 और 13 की बस्तियों में बाढ़ का पानी घुसने से 483 घर डूब गए। वहीं, तिलाठी कोइलाडी गांवपालिका के वार्ड नंबर 4 और 5 में 17 घर जलमग्न हुए हैं।

हनुमाननगर कंकालिनी नगरपालिका के प्रमुख वीरेन्द्र माझी ने बताया कि शुक्रवार रात सप्तकोसी नदी में पानी का स्तर बढ़ने के बाद बस्तियों में बाढ़ का पानी घुस गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तत्काल सुबह और शाम दो वक्त के भोजन की व्यवस्था की गई है। पानी का स्तर कुछ कम होने के बाद प्रभावित परिवारों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## मणिपुर में याबा टैबलेट और अवैध रूप से ले जाया जा रहा यूरिया जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 3.2 किलोग्राम प्रतिबंधित याबा टैबलेट बरामद की, जबकि बिष्णुपुर पुलिस ने अवैध रूप से उर्वरक ले जा रहे वाहनों को रोककर बड़ी मात्रा में यूरिया जब्त किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि काकचिंग जिला पुलिस ने 26 सितंबर को लिलोंग के सोरा बाजार से सिंगा सबानम (36) को गिरफ्तार किया। वह थौबल जिले के लिलोंग हाओरेइबी मयाई लीकाई निवासी मोहम्मद नूर अहमद की पत्नी है। पुलिस ने उसके पास से लगभग 3.2 किलोग्राम प्रतिबंधित याबा टैबलेट बरामद की। इसी दौरान, बिष्णुपुर पुलिस ने उर्वरकों के अवैध परिवहन में कथित रूप से शामिल वाहनों को रोककर कार्रवाई की। पुलिस ने एक बार 1,200 बोरी यूरिया जब्त की, जबकि दूसरी बार 100 और बोरी यूरिया बरामद की गई। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। उर्वरक की खेप के सत्यापन और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए बिष्णुपुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) को भी कार्रवाई में शामिल किया गया है।

## चुनाव आयोग विवाद पर राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग के तीनों सदस्यों की ओर से हालिया विवाद पर स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने से पहले भी राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस 90 चुनाव हार चुकी थी। उन्होंने चुनाव आयोग को लेकर चल रहे विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष उन संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है, जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाती हैं।



चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत विभिन्न मामलों में तीनों चुनाव आयुक्तों के बीच कथित मतभेदों से जुड़ी खबरों पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि विचार-विमर्श के दौरान सदस्यों की ओर से अलग-अलग राय रखना संस्थागत प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग के अनुसार एसआईआर से जुड़े फैसले तीनों आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए।

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी राजनीतिक विवाद के बीच आई है।

रिपोर्टों में दावा किया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर से संबंधित कुछ मुद्दों पर आपत्तियां दर्ज की थीं। चुनाव आयोग ने हालांकि कहा है कि ऐसी टिप्पणियों को औपचारिक असहमति नहीं माना जा सकता और अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

## आज बैंक खुलेंगे, ग्राहकों को जरूरी लेनदेन पूरा करने की सलाह

नई दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र और पुराने निजी बैंकों को रविवार को शाखाएं खोलने का निर्देश दिया है, ताकि जरूरी लेनदेन सबसे पहले किए जा सकें। सरकार ने बैंक ग्राहकों को जरूरी बैंकिंग लेनदेन हड़ताल से पहले पूरा करने की सलाह दी है। बैंक कर्मचारी संघों ने 28 सितंबर से तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल से बैंकिंग कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस के अनुसार, संगठन देश के करीब 90 प्रतिशत बैंक कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन पांच दिन का बैंकिंग सप्ताह लागू करने, पेंशन सुधार और अन्य कर्मचारी कल्याण संबंधी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को महत्वपूर्ण काम पहले निपटाने और योनो, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम तथा कैश डिपाजिट मशीनों जैसी डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

## बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त

**पटना।** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने दिसंबर में सेवानिवृत्त होने से पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। आनन-फानन में उन्हें राज्य का नया मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। बिहार गृह विभाग की शनिवार देररात जारी अधिसूचना के अनुसार, 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी कुमार ने हाल में स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी लेने के बाद 25 सितंबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के लिए आवेदन किया। सरकार ने उनके आवेदन को मंजूर कर लिया। अधिसूचना के अनुसार, कुमार को तीन महीने का नोटिस देने संबंधी नियमों में छूट देते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग की एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, कुमार को कार्यभार संभालने की तारीख से मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) नियुक्त किया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही विनय कुमार की राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति औपचारिक रूप से



प्रभावी हो गई। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, विभाग की निर्धारित प्रक्रिया के तहत नियुक्ति संबंधी कार्रवाई पूरी होने के बाद यह आदेश जारी किया गया।

मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में विनय कुमार बिहार राज्य सूचना आयोग की जिम्मेदारी संभालेंगे। सूचना का अधिकार अधिनियम से जुड़े मामलों के निपटारे और आयोग के कामकाज में मुख्य सूचना आयुक्त की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विनय कुमार के राज्य मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त होने के बाद अब वह आयोग के स्तर पर लंबित मामलों और सूचना के अधिकार से जुड़े प्रकरणों के निपटारे की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

## धान के खेत में मृत पाए गए तीन हाथी, करंट लगने की आशंका

**मेदिनीपुर।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पीड़ाकाटा रेंज के रंजा बीट अंतर्गत हाड़तड़ा गांव में रविवार सुबह धान के खेत से तीन हाथियों के शव बरामद किए गए। इनमें दो हाथी के बच्चे भी शामिल हैं। हाथियों की मौत के कारण का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, ग्रामीणों ने बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत की आशंका जताई है। घटनास्थल के पास बिजली का तार लटकता हुआ मिला है। ग्रामीणों ने रविवार सुबह सबसे पहले धान के खेत में तीनों हाथियों को मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। खबर मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ाकाटा रेंज के फॉरेस्ट ऑफिसर शुभाशीष चौधरी ने बताया कि हाथियों की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, खेती के काम के लिए पंप चलाने के उद्देश्य से धान के खेत के ऊपर से बिजली का तार ले जाया गया था। उसी तार के संपर्क में आने से करंट लगने की वजह से घटना होने का कई लोग अनुमान लगा रहे हैं। ग्रामीण भी इसी तरह की आशंका जता रहे हैं। हालांकि, पोस्टमार्टम के बाद ही हाथियों की मौत का वास्तविक कारण पता चलेगा। इधर, मृत हाथियों को देखने के लिए सुबह से ही खेत के पास ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों में से कई लोगों ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज सुनाई दी थी। उनका अनुमान है कि उसी समय यह दुर्घटना हुई होगी।

## जयशंकर ने न्यूयॉर्क में कनाडा, मैक्सिको और वेनेजुएला के विदेशमंत्रियों से मुलाकात की

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार (स्थानीय समय) को 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान कनाडा, मैक्सिको और वेनेजुएला के अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग मुलाकात कर बैठक की। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी सचित्र साझा की। भारत के विदेशमंत्री जयशंकर ने कहा कि उन्होंने कनाडा की विदेशमंत्री अनीता आनंद से मुलाकात की और उनसे सार्थक चर्चा की। दोनों पक्ष अपने संबंधों को एक ऊंचे स्तर पर ले जाने की तैयार हैं। जयशंकर ने मैक्सिको के विदेशमंत्री रॉबर्टो वेलास्को अल्वारेज के साथ



अपनी बैठक की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में वेनेजुएला के विदेशमंत्री फेलिक्स प्लासेंसिया गोंजालेज के साथ उनकी अच्छी बैठक हुई। दोनों देशों के बीच ऊर्जा संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय सहयोग के अन्य क्षेत्रों के अलावा, हमारे ऊर्जा संबंध भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमने मौजूदा क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

जयशंकर ने इससे पहले 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को ग्लोबल साउथ के साथ अपनी साझेदारी एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानता है। एआई मानव सशक्तिकरण, आर्थिक समृद्धि और आबादी से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए एक परिवर्तनकारी कारक है। उन्होंने तकनीक के लोकतंत्रीकरण और सांस्कृतिक समझ की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## अमेरिका के पूर्वोत्तर में तूफान से जनजीवन प्रभावित, सैकड़ों उड़ानें रद्द

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर हिस्से में तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए शक्तिशाली ह्यनॉरईस्टरह्न तूफान ने जनजीवन को प्रभावित किया है। तूफान के कारण सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जबकि न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, कनेक्टिकट और मैसाचुसेट्स में 75 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं की आपूर्ति बाधित हो गई। न्यूयॉर्क, बोस्टन और फिलाडेल्फिया समेत कई शहरों और आसपास के इलाकों में खराब मौसम का असर देखा जा रहा है। मौसम अधिकारियों ने तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आने और निचले इलाकों की सड़कों पर पानी भरने की आशंका जताई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, सप्ताहांत में समुद्र में ज्वार के कई चक्रों के दौरान मिड-अटलांटिक तट पर गंभीर बाढ़ आ सकती है।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने बताया कि तूफान न्यूयॉर्क सिटी के तटीय इलाकों और लॉन्ग आइलैंड की ओर बढ़ रहा है। लॉन्ग आइलैंड में अगले कुछ दिनों के दौरान करीब 15 सेंटीमीटर बारिश होने का अनुमान है। कुछ तटीय क्षेत्रों में छह मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने लोगों को तेज हवाओं और बिजली के तार गिरने के खतरे को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

### सैकड़ों उड़ानें रद्द



तूफान के चलते सैकड़ों उड़ानें प्रभावित हुईं। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटअवेयर के अनुसार, अकेले बोस्टन के लोगान हवाई अड्डे पर करीब 130 उड़ानें रद्द की गईं। जेटब्लू, यूनाइटेड और अमेरिकन एयरलाइंस समेत कई प्रमुख विमानन कंपनियों ने यात्रियों को यात्रा में बदलाव की सुविधा देने के लिए अलर्ट जारी किए हैं।संयुक्त राष्ट्र ने भी न्यूयॉर्क मुख्यालय में महासभा की कवरेज कर रहे मीडिया संस्थानों से तेज हवाओं के मद्देनजर बाहर लगाए गए प्रसारण उपकरण हटाने को कहा।

### कई बड़े आयोजन रद्द

खराब मौसम का असर क्षेत्र के सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी पड़ा। न्यूयॉर्क में ग्लोबल सिटीजन और ऑल थिंग्स गो संगीत समारोह रद्द कर दिए गए, जबकि मैरीलैंड में ओशन्स कॉलिंग कार्यक्रम भी नहीं हो सका।

ग्लोबल सिटीजन के आयोजकों ने कहा कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कार्यक्रम रद्द करने का फैसला किया गया। यह 14 वर्षों में पहली बार था जब उन्हें कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

मैसाचुसेट्स के कुछ इलाकों में करीब 13 सेंटीमीटर बारिश का अनुमान था। यह मात्रा एक महीने से अधिक की सामान्य बारिश के बराबर बताई गई। खराब मौसम के कारण ब्रिटिश पॉप गायक एड शीरन के बोस्टन के पास सप्ताहांत में होने वाले संगीत कार्यक्रम भी रद्द कर दिए गए। न्यू इंग्लैंड के तट पर हवाओं की रफ्तार 105 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका जताई गई थी।

इस सप्ताह नॉर्थ कैरोलिना, वर्जीनिया, मैरीलैंड, डेलावेयर और न्यू जर्सी के कुछ तटीय इलाकों में पहले ही बाढ़ की स्थिति सामने आ चुकी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला : ढाबे पर चाय पराठा खाने के बाद महिला की आंखों में मिर्च डाल मंगलसूत्र छीनकर भागा बदमाश

**शिमला।** नेशनल हाइवे किनारे ढाबे पर चाय-पराठे खाने के बाद वहीं बैठे एक बदमाश ने 61 वर्षीय महिला की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उसके गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गया। घटना उस समय हुई जब महिला का पति निजी सामान लेने बाजार गया था और वह ढाबे पर अकेली थी। महिला के अनुसार आरोपी की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष है और वह सफेद चेकदार कमीज, काली पैंट, जिस पर सफेद पट्टियां थीं, तथा काले जूते पहने हुए था। वारदात शिमला जिला के कुमारसेन थाना अंतर्गत बरूवाग में नेशनल हाइवे-05 के किनारे स्थित ढाबे पर दिनदहाड़े हुई। पुलिस के अनुसार बरूवाग में हाइवे किनारे करीब एक महीने पहले 61 वर्षीय कांकू देवी पत्नी सुंदर लाल ने अपने पति के साथ ढाबा (भोजनालय) शुरू किया था। 26 सितंबर को सुबह करीब 9:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उनके ढाबे पर आया और चाय-पराठे खाने के बाद वहीं बैठा रहा। करीब 11 बजे महिला का पति सुंदर लाल निजी सामान लेने के लिए नारकंडा बाजार चला गया। इसके बाद महिला ढाबे पर अकेली रह गई।

### हाथरस: घर में खून से लथपथ मिला रिटायर्ड फौजी और उनकी पत्नी का शव

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सादाबाद क्षेत्र में रविवार सुबह रिटायर्ड फौजी और उनकी पत्नी का शव घर के अंदर खून से सना हुआ मिला है। उनकी धारदार हथियार से हत्या की गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगरा बाईपास मार्ग स्थित बॉडी गांव के पास रहने वाले पूर्व फौजी शमसुद्दीन (58) और उनकी पत्नी सब्बू घर में थे। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे जब घर का गेट नहीं खुला तो आसपास के लोगों को शक हुआ। इसी दौरान पास से गुजर रहे एक नाई ने जमीन पर खून के छींटे देखे। उसने तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों और पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने किसी तरह घर का दरवाजा खुलवाया। अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। शमसुद्दीन और उनकी पत्नी के शव खून से सने पड़े थे। दोनों की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किए गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और आने-जाने वाले लोगों की जानकारी भी जुटा रही है।

### मुज़फ़्फ़रपुर मे विधान परिषद चुनाव को लेकर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन 28 सितंबर से

**मुज़फ़्फ़रपुर।** बिहार विधान परिषद के आसन्न तिरहुत शिक्षक एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन, 2026 को निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए ज़िला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। ज़िला दंडाधिकारी सह समाहर्ता के आदेशानुसार, ज़िले के सभी लाइसेंस धारकों (अनुज्ञप्तिधारियों) के शस्त्रों—जैसे रिवाल्वर, पिस्टल, रायफल, एकनाली/दोनाली बंदूक—तथा कारतूसों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है।

**सत्यापन की तिथि एवं समय:** शस्त्रों और कारतूसों की जाँच प्रक्रिया 28 सितंबर 2026 से 6 अक्टूबर 2026 तक संचालित की जाएगी। गांधी जयंती (02 अक्टूबर) और रविवार (04 अक्टूबर) को सत्यापन कार्य स्थगित रहेगा। निर्धारित तिथियों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक संबंधित थानों में मौजूद रहकर भौतिक सत्यापन करेंगे।

### मुजफ्फरपुर:तिरहुत नहर का तटबंध 40 फीट टूटा, आधा दर्जन गांव के करीब पाँच एकड़ खेत जलमग्न



**मुजफ्फरपुर।** जिले के मड़वन प्रखंड अंतर्गत रक्सा पंचायत में रविवार अहले सुबह तिरहुत मुख्य नहर का तटबंध सह पक्की सड़क अचानक करीब 40 फीट में टूट गया। तटबंध के टूटने से नहर का लबालब पानी बेहद तेजी से आसपास के गांव के सरेह खेतों में फैलने लगा। इस घटना से रक्सा दक्षिण और रक्सा डीह का ग्रामीण सड़क से संपर्क टूट गया है, जबकि रक्सा, विशुनपुर, पररी और चैनपुर समेत आधा दर्जन गांवों के करीब पांच एकड़ खेत जलमग्न हो गए हैं। स्थानीय किसानों की फसलें डूबने से भारी नुकसान की भी आशंका जताई जा रही है। क्योंकि आपको बताते चले कि बुधवार से लेकर शनिवार की रात तक तूफान की वजह से लगातार बारिश हो रही थी ऐसे में नहर का पानी खेतों में प्रवेश करने से जलमग्न हो गया है । घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री इंजीनियर अजीत कुमार को मामले से अवगत कराया। इसके बाद विधायक ने तत्परता दिखाते हुए मड़वन प्रखंड प्रशासन, जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारियों और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। प्रशासनिक तंत्र हरकत में आया और विभागीय अधिकारियों व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मामले की जानकारी देते हुए एसडीएम (पश्चिमी) स्नेहा कुमारी ने बताया कि तटबंध टूटने की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग को तत्काल अलर्ट कर दिया गया था। दुर्घटना स्थल पर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। एसडीएम ने कहा, ऱ्नहर में पानी का जलस्तर और दबाव इतना अधिक नहीं था कि तटबंध स्वतः टूट जाए, इसलिए इसके दबाव से टूटने की संभावना काफी कम है। पूरी घटना की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### दिशा की बैठक में पलामू सांसद ने की जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

# लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने व योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश

**मेट्रोरेज संवाददाता**



**मेदिनी नगरः** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक समाहरणालय सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी ली तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों एवं उनके अनुपालन की भी समीक्षा की। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं एवं कमियों से समिति के अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर सांसद ने लक्ष्य आधारित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा योजनाओं का वास्तविक लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा :** सांसद ने विभिन्न वित्तीय वर्षों के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी लेते हुए कहा कि अभी भी कुछ योग्य लाभुक ऐसे हैं, जिन्हें किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने ऐसे सभी योग्य लाभुकों को आवास योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि बिना उचित कारण किसी भी लाभुक की किस्त लंबित नहीं रहनी चाहिए।

इस दौरान विभिन्न विधायकों ने भी योग्य लाभुकों के आवास योजना से वंचित रहने की समस्या को उठाया। चतरा सांसद प्रतिनिधि ने भी इस विषय को प्रमुखता से समिति के समक्ष रखा।

**जी-राम जी के तहत मानव दिवस सृजन की समीक्षा :** जी-राम जी के तहत मानव दिवस सृजन की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि जिले में योजना के बंद होने को लेकर अफवाह फैल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आम लोगों के बीच वस्तुस्थिति स्पष्ट करने तथा अनावश्यक भ्रम की स्थिति समाप्त करने का निर्देश दिया।

**शिक्षा एवं पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर :** शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कई प्रखंड प्रमुखों ने बच्चों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की कमी तथा कुछ विद्यालयों में पेयजल की समस्या से समिति को अवगत कराया। सांसद ने संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने लोगों के घरों तक सुचारु रूप से पेयजल नहीं पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को एमवीएस एवं एसवीएस की सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव ने पेयजल विभाग के निर्माण कार्यों के दौरान सड़कों एवं विद्युत उपकरणों को होने वाले नुकसान का मामला उठाते हुए उसकी क्षतिपूर्ति पेयजल विभाग से कराने की बात कही। इस दौरान वित्त मंत्री सह छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब उनका लाभ समय पर आम लोगों तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की गुणवत्ता के साथ-साथ उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**सड़क एवं अन्य विभागों की भी हुई समीक्षा :** बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की भी समीक्षा की गई। वहीं एनएचएआई से संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद ने दशहरा पर्व के मद्देनजर बारिश से सड़कों पर बने गड्ढों (पैथहोल्स) को मोटरेबल कराने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। इसके अलावा कल्याण, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, आपूर्ति सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की भी समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, वित्त मंत्री सह छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, चतरा सांसद प्रतिनिधि, पांकी विधायक प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, सभी प्रखंड प्रमुखों सहित अन्य विधायक प्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला कौशल समिति की बैठक

## डीएसडीपी प्रशिक्षण, प्लेसमेंट व आवासीय केंद्रों की व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा



**संवाददाता**

**चतराः** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कौशल समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण उपरांत प्लेसमेंट, रोजगार में टिकाव, आवासीय केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) की तैयारी को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिला कौशल विकास पदाधिकारी रवि शंकर, चतरा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के प्रतिनिधि, अभिषेक कश्यप, प्रोजेक्ट असिस्टेंट, यूएनडीपी सहित जिले में संचालित विभिन्न कौशल विकास केंद्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि जिले में दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना (डीडीयूकेके) के तहत 02 कौशल विकास केंद्रों में कुल 06 बैच, झारखंड कौशल विकास योजना के तहत 03 केंद्रों में कुल 17 बैच तथा बिरसा कौशल विकास योजना के तहत 04 केंद्रों में कुल 12 बैच संचालित किए जा रहे हैं। डीडीयूकेके एवं एसजेकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं की संख्या, प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रोजगार एवं प्लेसमेंट की स्थिति, रोजगार के लिए जिले से बाहर जाने वाले अभ्यर्थियों तथा प्लेसमेंट के बाद रोजगार में उनके टिकाव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केंद्रों का उद्देश्य युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके लिए सभी संबंधित संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ प्रभावी एवं निरंतर प्रयास करें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रोजगार के लिए जिले से बाहर जाने वाले अभ्यर्थियों की उचित काउंसलिंग सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों को कार्यस्थल, रोजगार की प्रकृति, वेतन, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी पहले से उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे रोजगार की परिस्थितियों से अवगत होकर कार्यस्थल पर बेहतर तरीके से समायोजित हो सकें और रोजगार में उनका टिकाव सुनिश्चित हो।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी आवासीय कौशल विकास केंद्रों में आवासीय व्यवस्था, सुरक्षा, भोजन, स्वच्छता, प्रशिक्षण संचालन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।उपायुक्त ने सभी कौशल विकास केंद्रों में प्रशिक्षणार्थियों की नियमित एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थिति की नियमित निगरानी करने तथा अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बनी रहे।वहीं, जिला कौशल विकास योजना की तैयारी की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक विभागीय रिपोर्ट एवं आंकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों एवं स्थानीय रोजगार की संभावनाओं के आधार पर डीएसडीपी को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से तैयार किया जाए, ताकि जिले के युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों को और बेहतर ढंग से विकसित किया जा सके।

बैठक में कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति एवं प्रशिक्षण पूर्णता, रोजगार से जुड़ाव, प्लेसमेंट के बाद फॉलोअप, डीएसडीपी की तैयारी तथा कौशल विकास केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## मासिक लोक अदालत में 53 मामले का निस्तारण ,11 लाख 61 हजार 400 रुपये के मामलों का हुआ सेटलमेंट




**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा-निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । इसमें सुलह समझौते के आधार पर 53 मामले का निस्तारण किया गया। व 11लाख 61हजार 400 रुपये का मामला सेटल हुआ । लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर नव पीठो का गठन किया गया था। पीठ संख्या दो में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश कोर्ट के अलावे सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट के लंबित मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस व विद्युत विभाग से सम्बंधित लंबित 17 मामले का निस्तारण प्रभारी जिला व सत्र न्यायाधीश राज कुमार मिश्रा व अधिवक्ता हुसैन वारिस द्वारा किया गया। पीठ संख्या तीन में प्रिलिटिगेशन के सात मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ स्वेता ढींगरा व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय के द्वारा किया गया। पीठ संख्या चार में 23 आपराधिक मामले का निस्तारण एसीजेएम सुशीला सोरेंग व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। पीठ संख्या सात सिविल के एक मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन रोजलिना बारा व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। पीठ संख्या आठ में रेलवे के पांच मामले का निस्तारण रेलवे मजिस्ट्रेट प्रज्ञेष निगम व अधिवक्ता पुष्कर राज के द्वारा किया गया । सुलह समझौता के आधार पर कुल 53 मामले का निस्तारण किया गया।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव सोनम विश्नोई ने दी। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्तागण, वन विभाग ,उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मी के अलावे सैकड़ो वादकारी उपस्थित थे।

## ट्रेन हादसे में टिकट नहीं मिला, फिर भी मिलेगा मुआवजा, सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे को दिया आदेश

**जमशेदपुरः** सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि ट्रेन यात्री के पास टिकट न होने पर भी उसके परिवार को मुआवजा मिल सकता है। कोर्ट ने रेलवे को 8 लाख रुपये देने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि किसी मृत रेल यात्री के पास से टिकट नहीं मिलने मात्र से उसके परिवार का मुआवजे का दावा खारिज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने गुजरात में ट्रेन से गिरकर जान गंवाने वाले महेशभाई के माता-पिता को आठ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश बहाल कर दिया है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने गुजरात हाइकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए रेलवे को 30 दिनों के भीतर मुआवजे की राशि देने का निर्देश दिया।

**ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए थे महेशभाईः** मामला 27 सितंबर 2017 का है। महेशभाई अहमदाबाद के रास्ते सूरत जा रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन में अचानक झटका लगा, जिससे वह सामान्य डिब्बे से नीचे गिर गये। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आयीं। इसके बाद उनका इलाज चला और एक महीने से अधिक समय बाद 31 अक्टूबर 2017 को उनकी मौत हो गयी।

टिकट नहीं मिलने पर रेलवे ने किया था दावा खारिजः मामले में महेशभाई के माता-पिता ने मुआवजे की मांग की थी।

## रामगढ़ नो-पार्किंग जोन में चला औचक जांच अभियान, 12 वाहनों पर 2.42 लाख जुर्माना



**रामगढ़ :** सड़क किनारे और नो-पार्किंग जोन में भारी एवं मालवाहक वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने के लिए उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर शनिवार रात को जिला परिवहन विभाग ने विशेष औचक जांच अभियान चलाया।

जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश एक्का के नेतृत्व में टीम ने एनएच-33 के चुट्टूपालू घाटी, पटेल चौक, कुज्जू सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर जांच की। इस दौरान सड़क किनारे और नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े भारी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई।

अभियान के दौरान कुल 29 वाहनों की जांच की गई। इनमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 12 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 2,42,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच टीम ने वाहनों के पंजीकरण प्रमाण-पत्र, परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र और चालक अनुज्ञप्ति समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की। साथ ही वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश एक्का ने कहा कि सड़क किनारे, विशेषकर रात के समय नो-पार्किंग जोन में भारी वाहनों के खड़े रहने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने वाहन मालिकों और चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और मुख्य सड़क पर अनधिकृत पार्किंग नहीं करने की अपील की।

जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज की समूचित व्यवस्था नहीं



**लोहरदगाः** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं, लेकिन लोहरदगा सदर अस्पताल की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। अस्पताल में मामूली फ्रैक्चर और दुर्घटना में घायल मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि ऐसे मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है। वहीं, रेफर किए गए मरीजों को निजी क्लीनिक तक ले जाने के लिए दलालों के अस्पताल के आसपास सक्रिय रहने का भी आरोप लगाया जा रहा है।

शनिवार की रात दुर्घटना में घायल होकर सदर अस्पताल पहुंचे कई मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि रात में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक का व्यवहार भी ठीक नहीं था और वे मरीजों से किसी तरह पीछा छुड़ाने की कोशिश में लगे रहे।

इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे, रेफर कर दिए गए। बताया जाता है कि शनिवार की रात दुर्घटना में घायल कई लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। परिजनों को उम्मीद थी कि जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में घायलों का समुचित इलाज होगा। लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद आवश्यक उपचार के बजाय मरीजों को दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना था कि यदि सामान्य चोट और फ्रैक्चर के मामलों में भी मरीजों को दूसरे अस्पताल भेजना पड़े, तो सदर अस्पताल की उपयोगिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उनका कहना था कि सरकारी अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लोगों को निराश होकर निजी क्लीनिक का रुख करना पड़ता है। संसाधनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी का खामियाजाः सदर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, आवश्यक जांच और उपचार की व्यवस्था को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। दुर्घटना, फ्रैक्चर और अन्य आपातकालीन मामलों में मरीजों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाने के कारण उन्हें रांची या निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

## सिटी डीएसपी ने मध्य रात्रि किया गश्ती दलों का औचक निरीक्षण



**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक नगर राजीव रंजन ने मध्यरात्रि में नगर क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात रात्रिकालीन गश्ती दलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-04 थाना, सेक्टर-06 थाना एवं बीएस सिटी थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में डीएसपी ने विभिन्न स्थानों पर तैनात गश्ती पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति, गश्ती की स्थिति और क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की जानकारी ली। उन्होंने रात्रिकालीन गश्ती को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान पुलिस टीम की ओर से एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही वाहनों के कागजात एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं की जांच की गई।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान भी चलाया गया। वाहन चालकों की जांच कर यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। डीएसपी ने पुलिसकर्मियों को रात्रि गश्ती के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# चार दिन से लापता तीन नाबालिग बच्चियां झारखंड-बंगाल सीमा से बरामद

### पुलिस की सक्रियता से सकुशल मिलीं बच्चियां, अभी पुलिस अभिरक्षा में

**मेट्रोरेज संवाददाता**




**मेदिनीनगरः** स्थानीय शहर थाना क्षेत्र से तीन नाबालिग बच्चियों के लापता होने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीनों बच्चियों को झारखंड-बंगाल सीमा क्षेत्र से बरामद कर लिया है। बच्चियों के बरामद होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल तीनों पुलिस अभिरक्षा में हैं और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

मामले को लेकर बच्चियों में से एक की मां ने 24 सितंबर को शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार तीनों बच्चियां 21 सितंबर को घर से निकली थीं और इसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को लिखित सूचना दी गई। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और 96 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच का जिम्मा पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार द्विवेदी को दिया गया।

परिजनों के अनुसार, खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि तीनों बच्चियां ट्रेन से बरवाडीह गई थीं। वहां से एक महिला के साथ उनके रांची जाने की बात सामने आई। इस घटनाक्रम को लेकर परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए बच्चियों के अनुचित व्यापार से जुड़े होने की आशंका जताई है। हालांकि, यह आशंका फिलहाल परिजनों के आरोप तक सीमित है और पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट होगी।

बच्चियों के परिजन संतोष राम ने दूरभाष पर बताया कि पुलिस की सक्रियता के कारण उनकी बच्चियां सकुशल बरामद हो गई हैं। उन्होंने पुलिस के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब उनकी प्राथमिकता बच्चियों को सुरक्षित रूप से घर वापस लाना है। पुलिस बरामदगी के बाद पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है तथा बच्चियों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।